दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 329 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 24 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल की किसानों को सौगात : खातों में 1200 करोड़ भेजें, शिवराज सिंह चौहान भी सीएम भजनलाल से खुश

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के विकास को देखकर गदगद और कहा 2 साल में भजनलाल ने कर दिया कमाल







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राष्ट्रीय किसान दिवस के मौके पर मंगलवार को राजस्थान के किसानों को बड़ी सौगात मिली मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के किसानों को 1200 करोड रुपए का तोहफा दिया है नागौर के मेड़ता सिटी के डांगावास में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के 10 लाख किसानों को 1200 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए हैं इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और पार्टी के कई विधायक मौजूद रहे इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जमकर तारीफ की और कहा कि पिछले 2 साल में जिस तेज रफ्तार से राजस्थान का हर क्षेत्र में विकास किया है उसे देखकर उन्हें खूब प्रसन्नता हो रही है चौहान ने कहा कि पिछले 2 साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में जोरदार विकास करके दिखाया है इस किसान सम्मेलन में कृषि एवं उद्यानिकी योजनाओं कृषि आदान अनुदान योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना के तहत किसान के खाते में पैसा ट्रांसफर किया गया है राजस्थान के 18500 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्का घर बनाने के लिए 100 करोड़ रुपए जारी कर दिए गए हैं इस योजना के तहत घर बनाने के लिए तीन से पांच किस्तों में पैसा मिलता है इसकी एक किस्त मंगलवार को जारी की गई राजस्थान के मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना के तहत 4.5 लाख पशुपालकों के खाते में 5 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से मिलने वाली सब्सिडी जारी कर दी गई है तथा फसल खराबी के लिए कृषि आदान अनुदान योजना के तहत राजस्थान के 5 लाख किसानों के खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया गया है इस योजना का लाभ उन किसानों को मिल रहा है जिनकी फसल को नुकसान हुआ है ।

## किसान, युवा, मजदूर, महिला के विकास के लिए रोड मैप तैयार करके कार्य कर रही सरकार: भजनलाल शर्मा

किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार किसान, मजदूर, युवा ,महिला के विकास के लिए सतत प्रयास कर रही है इन सबका विकास और कल्याण करने के लिए सरकार ने रोड मैप तैयार किया और रोड मैप के आधार पर ही सरकार अब काम कर रही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में पानी, बिजली, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार, उद्योग, कृषि अपराधों पर रोकथाम इत्यादि सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य किया है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने शुरू के शासनकाल के पहले साल में पानी के क्षेत्र पर सबसे ज्यादा कार्य किया क्योंकि राजस्थान में पानी की सबसे ज्यादा विकट समस्या रहती है इसलिए हमने अपने शासनकाल के पहले ही कार्यकाल में पानी के क्षेत्र में कई बड़े निर्णय लिए जिसमें ईआरसीपी योजना को हम फाइल से निकाल कर धरातल पर लेकर आए इस योजना के संपूर्ण होने पर राजस्थान के पूर्वी हिस्से के कई जिलों के किसानों और लोगों को पीने का पानी और खेती के लिए समुचित पानी मिल सकेगा इसके अलावा हरियाणा से यमुना जल समझौता किया गंगा नहर मरम्मत के बारे में निर्णय लिए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी हिस्सों में पानी की समस्या का समाधान करने के लिए बड़े-बड़े निर्णय और बड़े-बड़े फैसले लिए जिनका असर बहुत जल्दी ही आने वाले समय में देखने को मिलेगा उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में भी कई कदम उठाए हैं उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में पूरे 5 साल तक युवाओं के साथ अन्याय और धोखा होता रहा पूरे 5 साल तक एक के बाद एक सरकारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होते रहे और हमारे युवा रोजगार के लिए तरसते रहे लेकिन पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने हर साल एक लाख लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है जिसमें अब तक 92 हजार से ज्यादा लोगों को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है और डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में चल रही हैं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पूरे 5 साल में 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में अनेक भर्ती परीक्षाओं का अब तक आयोजन हुआ है लेकिन एक भी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ इसलिए हमारी सरकार के प्रति प्रदेश के युवाओं का भरोसा और विश्वास मजबूत हुआ है ।

## किसान मेरे लिए ब्रह्मा विष्णु महेश सामान : शिवराज सिंह चौहान

किसान सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारा किसान कड़ाके की ठंड भीषण गर्मी और भीषण बरसात में न केवल खुद बल्कि अपने परिवार के सभी सदस्यों को साथ लेकर खेती करता है अनाज पैदा करता है और हमारे अनाज के भंडारों को भरता है जिसकी वजह से हम सब पेट भरते हैं इसलिए किसान देवतुल्य हैं और वह खुद किसानों को ब्रह्मा विष्णु महेश के समान मानते हैं चौहान ने कहा कि यह उनका बड़ा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें किसानों से जुड़ा डिपार्मेंट कार्य करने के लिए दिया जिसकी वजह से किसानों की सेव करके वे खुद अपने आप को धन्य महसूस करते हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक सशक्त एक विकसित और एक आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है केंद्र सरकार सभी राज्यों की सरकारों से मिलकर किसान की भलाई और खेती के नवाचार के कार्यों में सतत रूप से जुटी हुई है सरकार चाहती है कि किसान आर्थिक रूप से काफी मजबूत हो इसके लिए एक तरफ जहां सरकार किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ दे रही है तो दूसरी तरफ समर्थन मूल्य निर्धारित करके किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाया जा रहा है ताकि किसानों को तकलीफ नहीं हो उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वह खेती में नवाचारों पर ज्यादा ध्यान दें और अपनी जमीन का परीक्षण भी समय-समय पर करवाते रहे तथा जमीन के परीक्षण के बाद कृषि विशेषज्ञों की सलाह पर खेत में कौन सी फसल उगानी है।

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के कल्याण और विकास के लिए सतत प्रयास कर रही है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि वह खुद किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं गांव से ताल्लुक रखते हैं और गांव की माटी में पलकर बड़े हुए हैं इसलिए किसान की समस्याओं को अच्छी तरह से समझते हैं और जानते हैं वे यह भी जानते हैं कि किसान कितनी पीड़ा और कष्ट सहकर अनाज पैदा करते हैं और हम सब का पेट भरते हैं इसीलिए उनकी सरकार किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले तथा किसानों को पूरे साल आर्थिक राहत भी मिले इसीलिए प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि को 6000 से बढ़कर हमने 9000 रुपए किया ताकि किसानों को राहत मिल सके उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर तरह से किसानों को स्वावलंबन और आर्थिक रूप से मजबूत बनाना चाहती है इसीलिए पश्चिमी राजस्थान में सरकार के सहयोग से किसान सौर ऊर्जा का उत्पादन भी करने लगे हैं जिसकी वजह से एक तरफ जहां कृषक को समुचित बिजली मिलने लगी है तो दूसरी तरफ वह बिजली का उत्पादन करके खुद की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती दे रहा है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार यह प्रयास कर रही है कि किसान अनाज के साथ बिजली भी उत्पादन करें इस कार्य में अच्छे नतीजे भी सामने आ रहे हैं और बड़ी संख्या में पश्चिमी राजस्थान के किस सौर ऊर्जा का उत्पादन अच्छे नतीजे भी सामने आ रहे हैं और बड़ी संख्या में पश्चिमी राजस्थान में कृषक सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहे हैं जिसकी वजह से राजस्थान अब बहुत जल्दी ही बिजली में आत्मनिर्भर बन जाएगा जिसकी वजह से पूरे प्रदेश में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध हो सकेगी और अतिरिक्त बिजली को हम अन्य राज्यों को बेच सकेंगे । हमने बढ़ोतरी की है तथा पशुपालक किसानों को भी सरकार की ओर से कई तरह की सुविधा और सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है प्रदेश सरकार केंद्र की मोदी सरकार के सहयोग से हर तरह से प्रदेश के किसानों की भलाई और कल्याण के लिए कार्य कर रही ।*

## चुनाव लड़ने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी, निर्वाचन विभाग ने चुनाव खर्च राशि में बढ़ोतरी की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** निर्वाचन विभाग ने पंचायत राज संस्थाओं और नगर निकाय के चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए बड़ी खुशखबरी देते हुए चुनाव में चुनाव खर्च की राशि में बढ़ोतरी करने की घोषणा कर दी है जानकारी के अनुसार सरपंच पद के लिए पहले जहां चुनाव खर्च की राशि 50000 रुपए से बढ़कर 1 लाख रुपए कर दी गई है इसी तरह से पंचायत समिति सदस्य के लिए पहले जहां 75 हजार रुपए खर्च की सीमा थी उसमें बढ़ोतरी करते हुए डेढ़ लाख रुपए कर दिया गया है इसी तरह से जिला परिषद सदस्य के लिए पहले डेढ़ लाख रुपए चुनाव खर्च की सीमा थी जिसको बढ़कर 3 लाख रुपए कर दिया गया है और नगर निगमवार्ड पार्षद के लिए पहले ढाई लाख रुपए चुनाव खर्च की सीमा थी उसमें वृद्धि करते हुए 350000 रुपए कर दी गई है निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका में वार्ड पार्षद जो पहले100000 रुपए खर्च की सीमा थी उसे बढ़ाकर अब डेढ़ लाख रुपए कर दी गई है इसी तरह से नगर परिषद वार्ड पार्षद सदस्य के लिए चुनाव खर्च की सीमा जो पहले डेढ़ लाख रुपए थी उसे बढ़ाकर200000 रुपए कर दी गई है । इस तरह से निर्वाचन विभाग ने पंचायत राज संस्थाओं और नगर निकायों के चुनाव लड़ने वालों के लिए चुनाव खर्च की सीमा की राशि में वृद्धि करके उन्हें राहत दी है क्योंकि आजकल पंचायत समिति जिला परिषद और सरपंच के चुनाव में भी लोग उत्साह पूर्वक हिस्सा लेते हैं और सरपंच का चुनाव भी ऐसे आयोजित होता है जैसे कोई विधायक का चुनाव लड़ रहा हो इसलिए भले ही निर्वाचन विभाग की ओर से अधिकतम चुनाव खर्च की राशि निर्धारित कर रखी हो लेकिन इसके बावजूद भी उम्मीदवार चुपके-चुपके निर्वाचन विभाग की ओर से निर्धारित राशि से कई गुना राशि चुनाव में गुपचुप में खर्च कर देते हैं अब जिस तरह से निर्वाचन विभाग ने चुनाव खर्च की राशि को बढ़ाया है उस चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को जरूर राहत मिलेगी उल्लेखनीय है कि आने वाले दिनों में प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव होने वाले हैं ऐसे में निर्वाचन विभाग की ओर से चुनाव खर्च की राशि निर्धारित कर देने से चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों के चेहरों पर प्रसन्नता छा गई ।

## अशिवनी वैष्णव की रेल संपर्क को मजबूत करने की अभिनव पहल, झीलों की नगरी उदयपुर को सौगात

### 25 किलोमीटर रेलखंड के दोहरीकरण कार्य को 492 करोड़ रूपए की लागत से स्वीकृति प्रदान की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा राजस्थान में रेल संपर्कों की कड़ी को सुदृढ़ करने के लिए राज्य के विभिन्न भागों में विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्थान के महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र उदयपुर में रेल सम्पर्क को बेहतर और सुदृढ़ करने के लिए उमरा - देबारी 25 किलोमीटर रेलखंड के दोहरीकरण कार्य के लिए 492 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस दोहरीकरण से पर्यटन नगरी उदयपुर और आसपास के क्षेत्रों में तेज रेलवे नेटवर्क उपलब्ध होगा। साथ ही क्षेत्र का अहमदाबाद और जयपुर के मध्य भी तीव्र सम्पर्क स्थापित होगा। इस मार्ग के दोहरीकरण होने से चित्तौड़गढ़ तथा उदयपुर में पर्यटक गतिविधियां बढेगी और भीलवाड़ा में कपड़ा उद्योग तथा चित्तौडगढ़ के आस-पास स्थित सीमेंट इण्डस्ट्रीज को बढ़ावा मिलेगा तथा रोज़गार के नए अवसरों का सृजन होगा । इस मार्ग के दोहरीकरण से लाइन क्षमता में बढ़ोतरी होगी तथा अधिक ट्रेनों का संचालन किया जा सकेगा साथ ही ट्रेनों की गति में भी वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 354 करोड़ रूपए की लागत के साथ प्रगति पर है। इन कार्यों के निष्पादन से उदयपुर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।



## जनता की भागीदारी से ही मजबूत होती है राष्ट्रीय सुरक्षाः मुर्मू

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली (एंजेसी)** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और जिम्मेदारी की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सुरक्षा बलों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि लोग अपने आसपास हो रही घटनाओं के केवल दर्शक नहीं बने, बल्कि सतर्क और सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने जन भागीदारी को लोगों के लिए केंद्रित सुरक्षा का आधार बताया। बता दें कि राष्ट्रपति ने यह बात इटेंलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के शताब्दी उपनिवेश व्याख्यान में कही, जिसका विषय था 'जन-केंद्रित राष्ट्रीय सुरक्षाः विकसित भारत के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी'। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार, गृह सचिव गोविंद मोहन और आईबी प्रमुख तपन कुमार डेका भी मौजूद थे। इस दौरान मुर्मू ने कहा कि सोशल मीडिया ने सूचना और संचार की दुनिया बदल दी है। इसके माध्यम से अच्छे और बुरे दोनों तरह के प्रभाव फैल सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से कहा कि वे सोशल मीडिया पर सच पर आधारित जानकारी साझा करें और गलत सूचनाओं से बचाव करें। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने उदाहरण देते हुए कहा कि कई बार जागरूक नागरिकों की जानकारी के कारण सुरक्षा बल गंभीर संकट टालने में सफल रहे हैं।

## एसीबी ने अनुभाग अधिकारी को 30000 रुपए की रिश्वत लेते दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं.)**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम की ओर से मंगलवार को प्रदेश में जैसलमेर में रीको कार्यालय में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अनुभाग अधिकारी को 30000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की टीम गिरफ्तार अभियुक्त भवानी शंकर स्वामी के विभिन्न ठिकानों पर भी सर्च अभियान को अंजाम दे रही है इसके अलावा भवानी शंकर स्वामी के दफ्तर में मौजूद सभी तरह के दस्तावेज पत्रावलियां डिजिटल डॉक्यूमेंट कंप्यूटर डाटा इत्यादि की सघन जांच पड़ताल की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त अनुभाग अधिकारी भवानी शंकर शर्मा है जिसने परिवादी से प्लाट पर काम चलाने और फाइल को ऑनलाइन करने के लिए रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने एसीबी कार्यालय में दर्ज करवाई एसीबी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई।

# जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन

### अतिथियों द्वारा तारबंदी, फार्म पॉन्ड एवं फव्वारा संयंत्र योजना के तहत किसानों को वित्तीय स्वीकृति पत्र सौपें

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राष्ट्रीय किसान दिवस के सुअवसर पर जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता एवं केन्द्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में मेड़ता सिटी (नागौर) में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति दी गई तथा राज्य परियोजनाओं में किसानों को 1 हजार 200 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई।

**जिले के 758 किसानों को विभिन्न योजनाओं में 2 करोड 5 लाख रुपए से अधिक राशि की गई हस्तांतरित**

जिला स्तरीय किसान सम्मेलन में अतिथियों द्वारा तारबंदी योजना के तहत कृषक मदन लाल एवं सुखबीर सिंह, फार्म पॉन्ड योजना के तहत कृषक सरदार सिंह तथा फव्वारा संयंत्र योजना के तहत कृषक रामेश्वर दयाल एवं लखदीर सिंह को वित्तीय स्वीकृति पत्र सौपें। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी. मीणा ने बताया कि किसान सम्मेलन में जिले के 657 किसानों को तारबंदी, फार्म पॉन्ड, पाइपलाइन, कृषि यंत्र एवं अन्य योजनाओं में 1.89 करोड रुपए तथा उद्यान विभाग की ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर एवं स्प्रिंकलर योजना में 101 किसानों को 16.13 लाख रुपए की राशि हस्तांतरित की गई। उन्होंने बताया कि अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अधीन मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत 26 हजार 299 पशुपालकों को 7 करोड 99 लाख 60 हजार 940 रूपये की अनुदान राशि हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी. मीणा, सहकारिता के उप रजिस्ट्रार गुलाबचंद मीणा, उद्यान विभाग के उप निदेशक के.एल. मीणा, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक मुरारी लाल मीणा, नरेश गोयल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम एडीएम (शहर) एवं पीएमओ को सौंपा ज्ञापन





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान नर्सेज भर्ती संघर्ष समिति अलवर के द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर महोदया (शहर) एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष उत्सव शर्मा ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पूर्वत 2018 और 2023 की तर्ज पर एवं चिकित्सा नियम 1965 के तहत आगामी नर्सिंग ऑफिसर के 12000 पदों की भर्ती प्रक्रिया जल्द जारी करवाने और भर्ती को पूर्व की तरह मेरिट और बोनस 10, 20, 30 अंक के आधार पर सुनिश्चित करवाने की मांग रखी हैं। यह कार्मिक लम्बे समय से अल्प वेतन पर अपनी सेवाए प्रदान कर रहें है। इस मौके पर सिद्धार्थ, शिवचरण, नितिन, निरमा, सर्वेश, वर्षा, अनिकेत, सतवीर, अभय जुबेर, अश्वेन्द्र, अरुण, महेंद्र, करण, वेदप्रकाश, संजीव, मनीष, दलीप, भूप सिंह, ईश्वर, विक्रम, बलराम और गौरव शर्मा सहित काफ़ी संख्या में संविदा नर्सिंगकर्मी उपस्थित रहे।

## राजस्थान पुजारी महासंघ की बैठक हुई संपन्न




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान पुजारी महासंघ की बैठक हुई। महासंघ के पंडित विवेकानन्द शर्मा ने बताया कि 31 दिसंबर को भगवान श्री राम जी का दूसरा स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिसमें प्रातः 11:00 बजे त्रिपोलिया गणेश मंदिर से ध्वज यात्रा निकाली जाएगी जो बजाजा बाजार, होप सर्कस होते हुए राज ऋषि अभय पहुंचेगी तथ पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ किए जाएंगे और अयोध्या से पधारे हुए संत के द्वारा भगवान श्री राम के जीवन चरित्र का वर्णन किया जाएगा। उसके पश्चात महाआरती की जाएगी एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा इस उत्सव का निमंत्रण सभी धार्मिक संस्थाओं को भिजवाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता आचार्य राजेंद्र शर्मा ने की बैठक में योगानंद शर्मा, पंडित विवेकानन्द शर्मा, मोनू पंडित, कंचन शर्मा, योगेश शर्मा, श्याम सुंदर पाराशर, रमाकांत शर्मा, महेश चंद शर्मा, रघुवीर स्वामी, देवराज शर्मा आदि उपस्थित रहे। सभी भक्तों से निवेदन है कि इस धार्मिक आयोजन में भाग ले कर धर्म लाभ प्राप्त करें।

## वीर बाल दिवस कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय समिति गठित, योगी जयपुर देहात उत्तर का जिलाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**नीमकाथाना /पाटन (निस.)।** प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार वीर बाल दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस क्रम में कुजेता, कोटपूतली निवासी योगी अशोक सुरेलिया एडवोकेट को जयपुर देहात उत्तर जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। योगी अशोक सुरेलिया वर्तमान में जिला कार्यालय प्रभारी जयपुर देहात उत्तर के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका, प्रशासनिक अनुभव एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पर संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में वीर बाल दिवस कार्यक्रम को जिला स्तर पर भव्य व प्रेरणादायी रूप में आयोजित किया जाएगा। योगी अशोक सुरेलिया ने इस अवसर पर शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे तथा कार्यक्रम के माध्यम से वीर बालकों के बलिदान और गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के ग्राम लोहा की राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में मंगलवार को भामाशाह बाबूलाल प्रजापत की ओर से विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को स्वेटर का वितरण किया गया। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुवे कार्यक्रम मे सरपंच भंवरलाल पूनिया ने कहा कि ऐसे प्रेरणादायक कार्यों से न केवल विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण भी निर्मित होता है। संस्था प्रधान हेमराज महर्षि ने भामाशाह प्रजापत का प्रतीक-चिह्न भेंट कर सम्मान किया तथा विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कैलाश चूलेट, रोशनी गोदारा, ममता रुहेला, कपिलदेव दाधीच, रूक्मानंद सहित विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कपड़ों के थैले वितरित कर निगम ने दिया प्लास्टिक मुक्त अलवर का संदेश, काटा चालान

### अतिक्रमण के विरुद्ध भी की गई कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** नगर निगम अलवर की टीम ने मंगलवार को शहर के होप सर्कस के आसपास कपड़े के थैले बाजार में आए ग्राहकों को वितरित किए। अतिक्रमण निरोधक शाखा की टीम ने इस क्षेत्र में करीब 2000 कपड़ों के थैले वितरित किए। साथ ही प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत सिंगल यूज़ प्लास्टिक उपयोग करने वालों से ढाई हजार रुपए का जुर्माना वसूला। एवं साथ ही 250 किलो सिंगल यूज़ प्लास्टिक भी जप्त किया। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह ने बताया कि निगम की ओर से इस तरह की नियमित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को भी कार्रवाई जारी रही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राहक बाजार में आते समय कपड़े के थैले का उपयोग करें ताकि प्लास्टिक से होने वाला प्रदूषण रोका जा सके।

**अतिक्रमण के विरुद्ध भी कार्रवाई**

नगर निगम की टीम ने मंगलवार को भगत सिंह चौराहे से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओट स्थाई अतिक्रमण को हटाए साथ ही अतिक्रमियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में अतिक्रमण करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि अतिक्रमण के कारण नाले नालियों की साफ सफाई व्यवस्था बाधित होती है। निगम की सहायक राजस्व निरीक्षक निशा लखानी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद क्षेत्र में साफ सफाई के साथ-साथ दीवारों पर रंग रोगन कर इसे बेहतर रूप दिया जाए।

## केंद्रीय मंत्री यादव ने नारायणी देवी महाविद्यालय में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में की शिरकत

### परिवार के संस्कार ही व्यक्ति को बुराइयों की ओर जाने से रोकते हैं - केंद्रीय मंत्री यादव

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र स्थित नारायणी देवी महाविद्यालय में परिवार मणिका पुस्तक विमोचन एंव विचार गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवनकाल में तीन बातों पर हमेशा ध्यान देना चाहिए विचार, व्यवहार और संस्कार। व्यक्ति के मन में अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के विचार आते हैं इसलिए हमेशा अच्छे विचारों को अपनाना चाहिए, क्योंकि विचार ही समाज में व्यवहार को दर्शाता है। अच्छी संगत और अच्छी शिक्षा से ही व्यवहार बनता है। उन्होंने कहा कि व्यवहार को प्रभावित और नियंत्रित संस्कार करते हैं और संस्कार को देने वाली इकाई का नाम ही परिवार है। परिवार एक ऐसी इकाई है जिसमें सब लोग एक दूसरे के प्रति निस्वार्थ होकर कार्य करते हैं, निस्वार्थ कार्य ही परिवार में संस्कार उत्पन्न करते हैं और संस्कार ही बुरे कार्य करने से रोकते हैं। कार्यक्रम के दौरान बहरोड़ विधायक जसवंत सिंह यादव, सरस डेयरी चैयरमेन नितिन सागवान, अलवर जिला उत्तर भाजपा अध्यक्ष महा सिंह चौधरी, गणेशानंद महाराज, श्रीवर्धन, जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ मोहित जसवंत यादव, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीलम यादव, डॉ अंजलि यादव सहित अनेक छात्राएं मौजूद रही।

## सुशासन सप्ताह के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

### सुशासन को चरितार्थ करने के लिए सरकारी की कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यों की निश्चित समय सीमा में क्रियान्विति कर आमजन को किया जाए लाभांवित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिले में 19 से 25 दिसम्बर तक संचालित सुशासन सप्ताह के तहत कलक्ट्रेट सभागार में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल एवं एडीएम द्वितीय योगेश डागुर की अगुवाई में सुशासन कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में सुशासन संबंधित नवाचारों और आमजन को प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं को सरकार की भावना के अनुरूप गुणवत्ता व तय समयसीमा में प्रदान किये जाने के संबंध में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कार्मिक से विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी को श्रृद्धांजलि देते हुए कहा कि वाजपेयी के सुशासन के संकल्प को साकार करने के लिए आमजन को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सुगमता से प्रदान करने, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण कर राहत प्रदान करने, तकनीकी दक्षता में वृद्धि करने, प्रतिदिन के व्यवहार में सौम्यता व सुगमता लाने, लंबित योजनाओं एवं कार्यों को धरातल पर अमलीजामा आदि के संबंध में जानकारी दी। इस द्वौरान जिले के नवाचारों पर शॉर्ट फिल्म दिखाकर नवाचारों में अचीव उपलब्धियों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि नित नए नवाचारों के माध्यम से आमजन को जोडकर सुशासन को मतबूती प्रदान की जानी चाहिए। जिले में संचालित अतुल्य अलवर अभियान, वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे नवाचारों में आमजन की सहभागिता रही है तथा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण, जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत अलवर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है।

## राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)।** लुपिन ह्यूमन वेलफेयर एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन, अलवर द्वारा राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर कृषक गोष्ठी व कृषक प्रर्दशनी का आयोजन तुषार गार्डन, राजगढ़ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपखण्ड अधिकारी सीमा मीना, कॉर्डिनेटर बायफ जे के सिंह व बलराम सोलंकी, ब्लॉक पशुपालन अधिकारी मोहन लाल मीना एवं संस्था के स्टेट हेड अनिल गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी सीमा मीना द्वारा कृषक प्रर्दशनी का अवलोकन किया गया व संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रमों की सराहना की। ब्लॉक पशुपालन अधिकारी मोहन लाल मीना ने बताया कि संस्था स्वास्थ्य व कृषि के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है व बताया कि पशुओं में मौसमी बीमारी जैसे गलघोंटू, खुरपका मुंहपका, कृत्रिम गर्भधारण आदि के बारे में व विभागीय योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी गई। बायफ संस्था के कॉर्डिनेटर जे के सिंह व बलराम सोलंकी ने पशुओं में कृत्रिम गर्भधान के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई संस्था के स्टेट हेड अनिल गुप्ता ने किसान दिवस पर सभी किसानो को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि संस्था जिले में दस हजार किसानों के साथ कृषि आधारित आजीविका सशक्तिकरण बढ़ाने के लिए कार्य कर रही संस्था द्वारा राजगढ़ व मालाखेड़ा ब्लॉक में दो किसान उत्पादक संगठन संचालित किए जा रहे संगठन के माध्यम से किसान अपनी आय में बढोतरी कर रहे हैं तथा उन्होने बताया कि वर्तमान परिस्थिति में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की आवयकता पर बल दिया इसका एकमात्र विकल्प खेत में किसानो को मिट्टी की जॉच के उपरान्त ही संतुलित पोषक तत्वों का उपयोग किया जावें इसके साथ ही किसानो को जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। इस अवसर पर संस्था के सहयोग से कृषक उत्पादक संगठनो व किसानो के द्वारा कृषि प्रर्दशनी का आयोजन किया गया जिसमें उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत सिंचाई पद्धति एंव अन्य कृषि उत्पादो का प्रदर्शन किया गया व ग्रामीण विकास विकास के क्षेत्र में संचालित कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न प्रगतिशिल कृषक को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में राजगढ़ ब्लॉक के कृषक उत्पादक संगठन के सदस्य, आजीविका विकास कार्यक्रम के चयनित सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ब्लॉक राजगढ़ के क्लस्टर मैनेजर भगवान सहाय, दीपक महाजन व परियोजना से जुड़े सभी स्टाफ उपस्थित रहे एवं सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष और महिला किसानो ने भाग लिया।

## नवोदय विद्यालय शिक्षकों ने पूर्व छात्र के परिजनों को चार लाख का किया सहयोग

**सरदारशहर(निस)।** गत दिवस नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र सोनू सुथार का एक सड़क हादसे में देहांत हो गया था। जिस पर नवोदय विद्यालय के वर्तमान व पूर्व शिक्षकों और वर्तमान विद्यार्थियों की तरफ से प्राचार्य हरीश मीणा के सानिध्य में चार लाख रूपये का आर्थिक सहयोग प्रदान कर सोनू के परिवार को सबल प्रदान किया व भविष्य में भी यथा संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। बताया गया कि सोनू 5 बहनों के मध्य एक भाई था। परिवार में वही एक परिवार का सहारा था। सड़क हादसे में सोनू की मौत होने से परिवार टूट चुका था। इस हादसे की जानकारी नवोदय विद्यालय को मिलने पर विद्यालय के सभी स्टाफ व बच्चों ने मिलकर यह सहायता राशी प्राचार्य के माध्यम से परिजनों तक पहुंचायी। ये कार्य आपसी लगाव व गुरु शिष्य परंपरा का अनूठा उदाहरण है।

**सुशासन कार्यशाला का हुआ आयोजन**

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के साथ ही सुशासन कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिसमें अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने अपने प्रशासनिक अनुभव साझा करते हुए अधिकारियों को सुशासन स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपना कीमती समय खर्च कर आता है, इसलिए उसके कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करते हुए समय पर राहत पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं सही ढंग से निर्वहन करना ही सच्ची सफलता है। बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारी गणों ने भी अपने अनुभव साझा किए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें ताकि सड़कें दुर्घटना मुक्त बन सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में मानव जीवन बचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सुगम यातायात एवं दुर्घटना संभावित कारणों को लेकर गठित समितियों की रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं नगर निकायों के पार्षदों से अवैध कट से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन के माध्यम से अवैध कट दोबारा खोलने वालों की सूचना प्रशासन तक समय पर पहुंच सके। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने ब्लैक स्पॉट मार्गों पर अधिक संख्या में साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए, जिससे यात्रियों को पहले से सतर्क किया जा सके और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। आरएसआरडीसी एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सड़कों पर बने अवैध स्पीड ब्रेकर हटाने, अधिकृत स्पीड ब्रेकरों पर साइन मार्किंग करने तथा रंबल स्ट्रिप लगाने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों की प्रगति की भी समीक्षा की और सभी विभागों को जिले में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी एसएसओ आईडी पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों जैसे प्रभात रैली एवं स्वच्छता अभियान आदि की सूचना प्रतिदिन शाम से पूर्व एसएसओ आईडी पर अपलोड की जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी, डिप्टी एसपी किशनगढ़बास, अतिरिक्त निदेशक कृषि विभाग विजय सिंह, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, उपनिदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, शिक्षा, रिडकोर, परिवहन विभाग एवं आरएस आरडीसी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## ओबीसी आयोग का जिला स्तरीय जनसंवादः प्रतिनिधित्व बढ़ाने की उठी मांग



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार के अन्य पिछड़ा वर्ग राजनीतिक प्रतिनिधित्व आयोग की ओर से मंगलवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय जनसंवाद एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तक चला। इसमें आयोग के सदस्य प्रो. राजीव सक्सेना एवं गोपाल कृष्ण शर्मा ने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आमजन से सीधा संवाद किया। जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि जनसंवाद का उद्देश्य ओबीसी वर्ग से जुड़े क्षेत्रीय मुद्दों, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, विकास की जरूरतों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर प्रत्यक्ष फीडबैक लेना रहा। कार्यक्रम में जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य, नगर परिषद-पालिका के अध्यक्ष एवं पार्षद, सामाजिक-शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में ओबीसी समाज के लोग मौजूद रहे। जनसंवाद के दौरान धौलपुर जिले में ओबीसी की संख्या को लेकर चर्चा प्रमुख रही। वक्ताओं ने दावा किया कि जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में ओबीसी आबादी 60 से 70 प्रतिशत तक है, इसके बावजूद उन्हें जनसंख्या के अनुपात में पंचायती राज और नगरीय निकायों में प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान डी.के. कुशवाहा ने ओबीसी के भीतर अत्यंत पिछड़ी जातियों की स्थिति पर विस्तार से बात रखते हुए एस.आर. वर्मा कमेटी के आधार पर वर्गीकरण की मांग की। आयोग के सदस्यों ने सभी सुझावों को संकलित कर सरकार को रिपोर्ट भेजने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ही आगामी चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ेगी और यदि ओबीसी आरक्षण में वृद्धि होती है तो समाज को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## नवलगढ़ के हर्षवर्धन सिंह सिसोदिया ने किया लॉन टेनिस में नाम रोशन




जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** सुरजनपुरा निवासी हर्षवर्धन सिंह ने राजस्थान सचिवालय लॉन टेनिस टीम की ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की। ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता में 6 मेडल जीतकर नया कीर्तिमान रचा। गुजरात में 16 से 22 दिसंबर 2025 तक आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज लॉन टेनिस प्रतियोगिता में राजस्थान सचिवालय की पुरुष व महिला टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 6 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता के मैनेजर रणजीत सिंह ने बताया कि टीम ने शानदार खेल प्रदर्शित कर 2 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर राज्य का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में महिला टीम ने टीम इवेंट में सिल्वर मेडल प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही वेटर्न पुरुष युगल वर्ग में राजस्थान के विशाल राणावत और अरुण चौधरी ने बेहतरीन तालमेल के दम पर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इसके अलावा कई खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल दिलाए। मिक्स डबल्स में हर्ष सिसोदिया और निकिता चौधरी की जोड़ी ने बेहतरीन समन्वय के साथ ब्रॉन्ज पर कब्जा किया। ओपन महिला एकल में निकिता चौधरी ने संघर्षपूर्ण प्रदर्शन कर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। वेटर्न महिला डबल्स में विभा पुरोहित ने शानदार खेल दिखाते हुए ब्रॉन्ज जीता। वेटर्न मिक्स डबल्स में विभा पुरोहित ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। टीम के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान के टेनिस सर्कल में खुशी की लहर है व खिलाड़ियों ने आगामी प्रतियोगिताओं के लिए उत्साह और आत्मविश्वास व्यक्त किया है। जीत की खुशी को देख हर्षवर्धन सिंह के पिता शंकर सिंह ने शिव मंदिर में प्रसाद चढ़ाया और शुभकामनाएं प्रेषित की।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आगाज

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** हेतमसर कस्बे में स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। मंचासीन अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलन एवं पुष्प माला अर्पित करके



कार्यक्रम को विधिवत रूप से आरंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेखा अधिकारी सत्यनारायण दतुसलीया ने स्वयंसेविकाओं को वित्त नियोजन के उपाय बताए। प्राचार्य डॉक्टर सुनीता बेनीवाल ने अपने उद्बोधन में बताया कि छात्राओं को राष्ट्र उपयोगी स्वयंसेवक बनकर राष्ट्र निर्माण और उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। महाविद्यालय की होनहार छात्रा पूजा तंवर ने स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा तथा भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा के बारे में जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सहायक आचार्य अविनाश कुमार मील ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाविद्यालय के कुशल स्टाफ के निर्देशन में छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की। इस मौके पर महाविद्यालय के सहायक आचार्य सुभाष चंद्र, योगेंद्र कुमार, रविकांत मीणा, प्रियंका, प्रियंका कुलहरि, सुनीता कुमारी, महेंद्र सिंह सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।

# अरावली संरक्षित क्षेत्र को किया जाए परिभाषित, अवैध खनन हो पूर्णरूप से प्रतिबंधित : रामलाल शर्मा

### भजनलाल सरकार प्रकृति के सरंक्षण की दिशा में कर रही कार्य,अरावली पूर्ण रूप से सुरक्षितः कैलाश वर्मा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा और कैलाश वर्मा ने कांग्रेसी नेता डोटासरा जूली के द्वारा फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया दी। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की आदत है तुष्टीकरण की राजनीति करते हुए जनता में झूठ और भ्रम फैलाया जाए। इसी आदत से लाचार डोटासरा और इनके नेताओं ने पहले सीएए कानून को लेकर जनता में भ्रम फैलाया फिर एसआईआर को लेकर जनता को गुमराह किया और अब अरावली के खनन को लेकर जनता को गुमराह कर रहे है। मैं भाजपा की भजनलाल सरकार की ओर से प्रदेशवासियों को यह आश्वस्त करता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अरावली के एक भी पत्थर का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा सरकार और केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट है कि अरावली सरंक्षित क्षेत्र को परिभाषित किया जाए और अवैध खनन को पूर्णरूप से प्रतिबंधित किया जाए। इस परिभाषा के आधार जब तक कोई प्लान नहीं बन जाता, तब तक किसी प्रकार का खनन पट्टा जारी नहीं किया जाएगा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने 2002 में अरावली को परिभाषित किया था उस दौरान ही खनन के सर्वाधिक पट्टे जारी किए गए थे, इसी तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 100 मीटर वाला नियम तय किया था। कांग्रेस यह भी कहती है कि हमने तो पाप किया है, स्वीकार भी कर रही है लेकिन भाजपा सरकार को लेकर जनता को गुमराह भी करती है। कांग्रेस सिर्फ कल्पना के आधार पर अवैध खनन का आरोप लगा रही है। मेरा कांग्रेसी नेताओं से सवाल है कि क्या कभी किसी कांग्रेस नेता ने प्रकृति को बचाने के लिए वृक्षारोपण का कोई अभियान चलाया है, भाजपा ने चलाया है। भाजपा ने एक पेड मां के नाम अभियान चलाया भाजपा ने 750 एकड में पौधे लगाने के लिए अभियान चलाया, कांग्रेस एक उदाहरण बता दे! आश्चर्य है कि जिस कांग्रेस का स्वयं का दामन दागदार है वे भाजपा पर आरोप लगा रहे है। कांग्रेस सिर्फ तुष्टीकरण के आधार पर भ्रम फैलाने की राजनीति कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने दो साल में अवैध खनन के खिलाफ जमकर कार्रवाई को अंजाम दिया है। भाजपा सरकार ने दो साल में 20526 प्रकरण दर्ज किए , दो साल में 211.26 करोड रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई, दो साल में 2228 एफआईआर दर्ज की गई दो साल में 1175 लोगों की गिरफ्तारी की गई, दो साल में 19744 वाहन व मशीनरी जब्त की गई। भाजपा सरकार ने दो साल में अरावली के क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने के लिए 10966 प्रकरण दर्ज किए, दो साल में 136.78 करोड़ रुपए वसूल किए गए 1002 एफआईआर दर्ज की गई, 10616 वाहन जब्त किए गए और 300 लोगों की गिरफ्तारी की गई। भाजपा प्रवक्ता कैलाश वर्मा ने कहा कि अरावली हिल्स की परिभाषा क्या है इन कांग्रेसी नेताओं को पता तक नहीं है। जो मामला कोर्ट में है वन एवं पर्यावरण मंत्री ने स्पष्ट कर दिया, प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि अरावली के एक भी पत्थर का नुकसान नहीं होगा। इसके बावजूद कांग्रेसी नेता जनता में झूठ, भ्रम फैला रहे है। कांग्रेसी नेता अरावली के नियम को पढ़ती नहीं है सिर्फ झूठ पर राजनीति करने के लिए मुद्दा बनाया जा रहा है राजनीति में सुर्खियों में रहने के लिए लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। प्रदेश की जनता इनके हथकंडे पहचान चुकी है। भाजपा प्रवक्ता कैलाश वर्मा ने कहा कि कांग्रेसी नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है कि भाजपा ने मनरेगा का नाम जी राम जी कर दिया, मेरा कांग्रेसियों से कहना है कि भाजपा ने तो राम जी के नाम पर किया है लेकिन कांग्रेस ने तो एक परिवार के नाम पर ही योजनाओं का नाम कर दिया था। आप ने आयुष्मान को चिरंजीवी किया अन्नपूर्णा को इंदिरा रसोई आप ने की, मुख्यमंत्री जल स्वालंबन को राजीव गांधी आप ने किया दीनदयाल तीर्थ योजना को तीर्थदर्शन आपने किया ये क्या है! वर्मा ने कहा कि कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा शब्दों की मर्यादा भूल चुके है। उन्होंने संगठित गिरोह शब्द का इस्तेमाल किया, जो कि अमर्यादित है। मेरा प्रदेशवासियों से कहना है कि भाजपा की भजनलाल सरकार प्रकृति के सरंक्षण की दिशा में कार्य कर रही है और अरावली पूर्ण रूप से सुरक्षित है।

### विधायकों के विधायक निधि फंड में कथित कमीशन का मामला

## सदाचार कमेटी ने एफएसएल को सैंपल जांच के लिए दिए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा की सदाचार कमेटी ने विधायक निधि फंड में गठित कमीशन के आरोप में फंसे प्रदेश के तीन विधायकों के इस मामले से जुड़े ऑडियो वीडियो ऑडियो क्लिपिंग इत्यादि एफएसएल को जांच के लिए दे दिए हैं एफएसएल सदाचार कमेटी की ओर से दिए गए इन सैंपल की जांच करेगी और अपनी जांच रिपोर्ट कमेटी को कमेटी को देगी और फिर एफएसएल की रिपोर्ट को सदाचार कमेटी की ओर से भी स्टडी की जाएगी इसके अलावा कमेटी की ओर से अलग-अलग स्तर पर अलग-अलग तरीके से इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है फिलहाल अभी इस मामले में जांच में कितना समय लगेगा यह कहना काफी मुश्किल है राजस्थान विधानसभा के गलियारों में चर्चा है कि सदाचार कमेटी की ओर से अब तक इस मामले की जो जांच पड़ताल की गई है उसमें दो विधायकों पर जो आरोप लगे हैं वह कहीं ना कहीं सत्य प्रतीत हो रहे हैं और एक विधायक पर सीधे तौर पर कथित कमीशन खोरी के एलिगेशन सत्य प्रतीत नहीं हो रहे फिर भी अभी इस मामले में कुछ भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि राजस्थान विधानसभा की ओर से गठित की गई सदाचार कमेटी की जांच प्रक्रिया अभी जारी है और जब तक कमेटी अपनी ओर से संपूर्ण जांच राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष को नहीं दे देती और राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष कमेटी की जांच रिपोर्ट और सलाह के बाद अपना अंतिम डिसीजन नहीं दे देता तब तक इस मामले में कुछ भी कहना काफी मुश्किल है उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों एक दैनिक अखबार के स्टिंग



रेवंतराम डांगा | ऋतु बनावत | अनीता जाटव

ऑपरेशन में भारतीय जनता पार्टी के नागौर जिले की खींवसर विधानसभा सीट के विधायक रेवंतराम भयानक की निर्दलीय विधायक रितु और कांग्रेस विधायक अनीता जाटव के खिलाफ विधायक निधि फंड में कमीशन लेने के आरोप जैसी खबरें सामने आई थी इन खबरों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष से मदन राठौड़ सभी ने काफी गंभीरता से लिया था जिसके बाद प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी स्तर पर भी अपनी पार्टी के विधायक रेवंत राम को नोटिस भेजा था और रेवंत राम की रिप्लाई से प्रदेश भाजपा संतुष्ट भी नहीं है दूसरी तरफ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से भी पार्टी की विधायक अनीता जाटव को नोटिस भेजा गया कांग्रेस पार्टी अपने स्तर पर भी अनीता जाटव की जांच करवा रही है तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश पर इस मामले में उच्च स्तरीय जांच भी की जा रही है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यह बताएं कि दिल्ली के कानूनों पर रोक कैसे लगाएंगे- टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अरावली संरक्षण के मुद्दे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की रहस्यमयी चुप्पी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की मंशा पर तीखे सवाल दागे हैं। जूली ने इसे राजस्थान की बेशकीमती प्राकृतिक संपदा को कॉरपोरेट घरानों के हाथों लूटने का एक बड़ा षड्यंत्र करार दिया है। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पीसीसी अध्यक्षगोविंद सिंह डोटासरा के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जूली ने मुख्यमंत्री के दावों की धज्जियां उड़ाईं। जूली ने मुख्यमंत्री के उस बयान पर कटाक्ष किया जिसमें उन्होंने कहा था कि अरावली का कुछ नहीं बिगड़ने दूंगा। टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री से पूछा है कि क्या आप अरावली बचाने के लिए राजस्थान में कोई विशेष कानूनी प्रावधान लाएंगे? क्या आप केंद्र के फैसलों का विरोध करने का साहस जुटा पाएंगे या प्रधानमंत्री मोदी से इस बारे में बात करेंगे? पर्ची सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा पहली बार ऐसा लगा है कि आप बिना पर्ची के बोले हैं लेकिन अब अपनी स्थिति स्पष्ट करें कि क्या आप केंद्र के जनविरोधी फैसलों के खिलाफ खड़े होंगे? केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव पर सीधा हमला बोलते हुए जूली ने आरोप लगाया कि सरिस्का क्षेत्र की 50 से अधिक बंद पड़ी खदानों को फायदा पहुँचाने के लिए नियमों से खिलवाड़ किया गया।केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने उन माइन्स को राहत देने के लिए सरिस्का का सी टी एचएरिया ही बदलवा दिया था। यह तो शुक्र है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर



फटकार लगाई जिसके बाद अब आनन-फानन में आपत्तियां मांगी जा रही हैं। जूली ने यादव द्वारा दिए गए 0.19 प्रतिशत क्षेत्र के तर्क को जनता की आंखों में धूल झोंकने जैसा बताया। उन्होंने गणित समझाते हुए कहा कि यह 0.19 प्रतिशत का छोटा दिखने वाला आंकड़ा असल में 68000 हेक्टेयर का विशाल क्षेत्र है। इतने बड़े पैमाने पर खनन से राजस्थान के पर्यावरण जल स्तर और वन्यजीवों का जो विनाश होगा उसकी भरपाई नामुमकिन है। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि केंद्र और राज्य सरकार की मिलीभगत से राजस्थान की खनिज संपदा को पूंजीपतियों को सौंपने की तैयारी पूरी हो चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सीधा सवाल किया कि वह जनता को यह बताएं कि दिल्ली से थोपे जा रहे इन खनन कानूनों पर वह राजस्थान के हित में रोक कैसे लगाएंगे?

## खातेदारी भूमि के रास्ते में सियासी मोडः विधायक मोदी धरने पर बैठे

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** ग्राम डूंगा की नांगल में खातेदारी भूमि से गुजर रहे प्रचलित कटानी रास्ते को लेकर मंगलवार को विवाद ने राजनीतिक रूप ले लिया। रास्ता खोलने की कार्रवाई के बाद एक पक्ष की ओर से एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए विधायक सुरेश मोदी ग्रामीणों के साथ पाटन थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। जानकारी के अनुसार डूंगा की नांगल स्थित बणी की ढाणी, भोपा की ढाणी, दासाला की ढाणी, बागवाला सहित अन्य ढाणियों में आने-जाने वाले कटानी रास्ते को कुछ लोगों की ओर से अतिक्रमण कर बंद कर दिया गया था। इस पर ग्रामीणों एवं काश्तकारों की ओर से एलआर एक्ट की धारा 251 के तहत परिवाद प्रस्तुत किया गया। सक्षम न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने रास्ते से अतिक्रमण हटवाकर रास्ता खुलवा दिया। बताया गया कि उक्त रास्ता संयुक्त खातेदारी भूमि से होकर गुजरता है, जिसको लेकर खातेदार दो गुटों में बंट गए। अधिकांश खातेदार रास्ता खोलने के पक्ष में थे, जबकि कुछ खातेदार इसका विरोध कर रहे थे। इसी को लेकर दोनों पक्षों में टकराव की स्थिति बन गई। प्रशासन की ओर से समझाइश के प्रयास के दौरान कुछ लोग उलझ गए, जिस पर पुलिस ने कुछ युवकों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की। इस कार्रवाई से नाराज दूसरे पक्ष ने प्रशासन पर भेदभावपूर्ण और एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया। इसी मांग को लेकर विधायक सुरेश मोदी पाटन थाने पहुंचे और पीड़ित खातेदारों को न्याय दिलाने की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए। विधायक मोदी ने कहा कि जब तक पीड़ितों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक धरना जारी रहेगा। देर शाम तक विधायक ग्रामीणों के साथ थाने के बाहर धरने पर बैठे रहे। इस संबंध में तहसीलदार पाटन सुभाष चंद ने बताया कि ग्रामीणों के परिवाद पर नियमानुसार कटानी रास्ता खुलवाया गया है। संयुक्त खातेदारी भूमि को लेकर खातेदारों के बीच आपसी विवाद है, जिसमें प्रशासन की कोई भूमिका नहीं है।

## वन मंत्री संजय शर्मा का अचानक सीकर में शिविर का औचक निरीक्षण, कलेक्टर के व्यवहार से हुए नाराज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वन मंत्री संजय शर्मा मंगलवार को सीकर में अचानक नगर परिषद कार्यालय में शिविर का निरीक्षण



करने पहुंच गए अचानक मंत्री शर्मा को शिविर में देखकर वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारी में खलबली मच गई मंत्री संजय शर्मा बिना किसी सुरक्षा गार्ड और बिना किसी सरकारी गाड़ी के शिविर में पहुंचे थे इसलिए पुलिस और प्रशासन से जुड़े लोगों को उनके आने की सूचना भी नहीं थी शर्मा अचानक मौके पर पहुंचकर शिविर की वास्तविक व्यवस्थाओं का जायजा लेना चाहते थे इसीलिए वे बिना प्रोटोकॉल के पहुंच गए शिविर में लोग अपनी समस्याएं लेकर आए हुए थे मंत्री शर्मा ने वहां मौजूद लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और उनकी समस्याओं के लिए शिविर में मौजूद अधिकारियों की ओर से क्या कार्रवाई की जा रही है इसके बारे में भी मंत्री शर्मा ने वह मौजूद लोगों और शिविर में मौजूद अधिकारियों से सवाल जवाब किया इस दौरान एक फरियादी के मामले में मंत्री संजय शर्मा और कलेक्टर मुकुल शर्मा के बीच आपस में तनातनी हो गई बातचीत के दौरान संजय शर्मा गुस्से में हो गए और उन्होंने कलेक्टर मुकुल शर्मा से कहा कि क्या आप इस तरह से शिविर को चल रहे हो मंत्री शर्मा गुस्से में होकर फाइल को टेबल पर पटक कर वहां से जाने के लिए उठ खड़े हुए और उन्होंने कहा कि मैं सीएम साहब से बात कर लूंगा इस तरह से शिविर की व्यवस्थाओं को लेकर कहीं ना कहीं संजय शर्मा नाराज थे उल्लेखनीय है कि कैबिनेट मंत्री संजय शर्मा पूर्व में भी इसी तरह से बिना बताए और बिना प्रोटोकॉल के शिविर की व्यवस्थाओं का वास्तविक जायज लेने के लिए पहुंचे थे वन मंत्री शर्मा का मानना है कि अगर पहले से ही प्रशासन को यह अवगत करवा दिया जाए कि मंत्री यहां पर आ रहे हैं तो पहले से ही व्यवस्थाओं को इस तरह से जानबूझकर सुसज्जित तरीके से रखा जाता है ताकि मंत्री को यह लगे कि यहां शिविर में सब कुछ अच्छी तरह से कार्य हो रहा है जबकि हकीकत में ऐसा होता नहीं है सिर्फ मंत्री के वहां मौजूद रहने तक ही वहां पर व्यवस्थाएं सुसज्जित और व्यवस्थित रहती हैं मंत्री के जाने के बाद अधिकारी और कर्मचारी अपने हिसाब से पीड़ित लोगों की समस्याएं सुनते हैं और उनका निदान करते हैं इसीलिए संजय शर्मा अचानक निरीक्षण करने के लिए पहुंचते हैं और वहां पर वास्तविक हालातो की जानकारी लेते हैं ताकि पता चले कि अधिकारी शिविर को कितनी गंभीरता से और सक्रियता से ले रहे हैं ।

## अब बाड़मेर जिलाधीश कार्यालय में बम होने की सूचना से पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में जिलाधीश कार्यालय और अन्य सरकारी संस्थानों यहां तक की हाईकोर्ट परिसर में बम होने की सूचनाओं पिछले कई दिनों से कई बार देखने को मिली और हर बार ही यह सूचना गलत साबित हुई ज्यादातर ईमेल आईडी के माध्यम से बम होने की सूचना अज्ञात बदमाशों की ओर से दी जा रही है लेकिन पुलिस अभी तक इन मामलों में ईमेल आईडी करने वाले व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाई है यही वजह है कि अभी राजस्थान में बम होने की गलत सूचनाओं लगातार रोजाना अज्ञात व्यक्ति की ओर से दी जा रही है मंगलवार को भी प्रदेश के बाड़मेर जिलाधीश कार्यालय में बम होने की सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तुरंत ही जिलाधीश कार्यालय को खाली करवा लिया गया बम निरोधक दस्ते



डॉग स्क्वाड इत्यादि को मौके पर बुलाया जिलाधीश कार्यालय और आसपास के इलाके में सगन जांच पड़ताल शुरू की गई लेकिन मंगलवार को भी जांच पड़ताल में पुलिस को मौके पर संदिग्ध वस्तु नहीं मिली जिसके बाद पुलिस ने बाड़मेर जिलाधीश कार्यालय को भी पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया पुलिस अब गलत सूचना देने वाले व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है अब यह तो आने वाला समय बताया कि पुलिस फर्जी सूचना देने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर पाएगी या नहीं लेकिन इतना जरूर है जिस तरह से प्रदेश में पिछले कुछ महीनो से जगह-जगह लगातार इस तरह की गलत सूचनाओं देकर पुलिस और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती खड़ी की हुई है कहीं ना कहीं इस तरह की सूचनाओं से एक तरफ जहां जिला प्रशासन पुलिस और आमजन के सरकारी दफ्तरों में कामकाज बाधित हो रहा है तो दूसरी तरफ पुलिस के लिए इस तरह की सूचनाओं एक बड़ी चुनौती बन गई है पिछले दिनों राजस्थान हाई कोर्ट को भी कई बार रोजाना इसी तरह की धमकी दी गई करीब 6 दिनों तक लगातार हाई कोर्ट में बम होने की सूचना दी गई जिसकी वजह से रोजाना पुलिस मौके पर जाती हाईकोर्ट परिसर को खाली करवाती और वहां पर सघन जांच पड़ताल करती लेकिन जांच पड़ताल में पुलिस को कुछ भी नहीं मिला इस तरह से कई दिनों तक हाई कोर्ट का कार्य बाधित रहा इसी तरह से अजमेर दरगाह और अजमेर जिलाधीश कार्यालय को भी इसी तरह की सूचना दी गई वहां भी पुलिस की जांच पड़ताल में कुछ भी नहीं मिला जयपुर में कई बड़ी निजी स्कूलों में बम होने की सूचना पहले दी गई लेकिन पुलिस को जांच पड़ताल में कुछ भी नहीं मिला कुल मिलाकर इस तरह की गलत सूचनाओं देकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी जो पहले से ही काफी व्यस्त रहते हैं इस तरह की सूचना मिलने के बाद अपने सभी कार्यक्रम रद्द करके वह पहले बम की तलाश में जुट जाते हैं जिसकी वजह से उनका काफी समय बर्बाद हो रहा है इसके अलावा आमजन के कार्य भी बाधित हो रहे हैं पुलिस को इस तरह के मामलों की जांच के लिए कहीं ना कहीं टेक्नोलॉजी में उच्च स्तरीय नॉलेज रखने वाले अधिकारी की देखरेख में इस तरह के मामलों की जांच करवाई जाए तो पुलिस को इस तरह के मामलों में सफलता मिल सकती है ।

## कहानी

### कोसी का घटवार

गुसाईं का मन चिलम में भी नहीं लगा। मिहल की छाँह से उठकर वह फिर एक बार घट (पनचक्की) के अंदर आया। अभी खप्पर में एक-चौथाई से भी अधिक गेहूँ शेष था। खप्पर में हाथ डालकर उसने व्यर्थ ही उलटा-पलटा और चक्की के पाटों के वृत्त में फैले हुए आटे को झाड़कर एक ढेर बना दिया। बाहर आते-आते उसने फिर एक बार और खप्पर में झाँककर देखा, जैसे यह जानने के लिए कि इतनी देर में कितनी पिसाई हो चुकी है, परंतु अंदर की मिकदार में कोई विशेष अंतर नहीं आया था। खस्स-खस्स की ध्वनि के साथ अत्यंत धीमी गति से ऊपर का पाट चल रहा था। घट का प्रवेश-द्वार बहुत कम ऊँचा था, खूब नीचे तक झुककर वह बाहर निकला। सिर के बालों और बाँहों पर आटे की एक हल्की सफ़ेद पर्त बैठ गई थी। खंभे का सहारा लेकर वह बुदबुदाया, 'जा स्साला! सुबह से अब तक दस पंसेरी भी नहीं हुआ। सूरज कहाँ का कहाँ चला गया है! कैसी अनहोनी बात!' बात अनहोनी तो है ही। जेठ बीत रहा है। आकाश में कहीं बादलों को नामोनिशान भी नहीं। अन्य वर्षों में अब तक लोगों की धानरोपाई पूरी हो जाती थी, पर इस साल नदी-नाले सब सूखे पड़े हैं। खेतों की सिंचाई तो दरकिनार, बीज की क्यारियाँ सूखी जा रही हैं। छोटे नाले-गुलों के किनारे के घट महीनों से बंद हैं। कोसी के किनारे है गुसाईं का यह घट। पर इसकी भी चाल ऐसी कि लद्दू घोड़े की चाल को मात देती है। चक्की के निचले खंड में 'छच्छिर-छच्छिर' की आवाज़ के साथ पानी को काटती हुई मथानी चल रही थी। कितनी धीमी आवाज़! अच्छे खाते-पीते ग्वालों के घर में दही की मथानी इससे ज़्यादा शोर करती है। इसी मथानी का वह शोर होता था कि आदमी को अपनी बात नहीं सुनाई देती और अब तो भले नदी पार कोई बोले, तो बात यहाँ सुनाई दे जाए! छप...छप...छप...पुरानी फ़ौजी पैंट को घुटनों तक मोड़कर गुसाईं पानी की गूल के अंदर चलने लगा। कहीं कोई सुराख़-निकास हो, तो बंद कर दें। एक बूँद पानी भी बाहर न जाए। बूँद-बूँद की क़ीमत है इन दिनों। प्रायः आधा फर्लांग चलकर वह बाँध पर पहुँचा। नदी की पूरी चौड़ाई को घेरकर पानी का बहाव घट की गूल की ओर मोड़ दिया गया था। किनारे की मिट्टी-घास लेकर उसने बाँध में एक-दो स्थान पर निकास बंद किया और फिर गुल के किनारे-किनारे चलकर घट के पास आ गया। अंदर जाकर उसने फिर पाटों के वृत्त में फैले हुए आटे को बुहारकर ढेरी में मिला दिया। खप्पर में अभी थोड़ा-बहुत गेहूँ शेष था। वह उठकर बाहर आया। दूर रास्ते पर एक आदमी सिरे पर पिसान रखे उसकी ओर आ रहा था। गुसाईं ने उसकी सुविधा का ख्य़ाल कर वहीं से आवाज़ दे दी, 'हैं हो! यहाँ लम्बर देर में आएगा। दो दिन का पिसान अभी जमा है। ऊपर उमेदसिंह के घट में देख लो।' उस व्यक्ति ने मुड़ने से पहले एक बार और प्रयत्न किया। ऊँचे स्वर में पुकार कर बोला, 'ज़रूरी है जी, पहले हमारा लम्बर नहीं लगा दोगे?' गुसाईं होठों ही होठों में मुस्कराया, 'स्साला कैसा चीख़ता है, जैसे घट की आवाज़ इतनी हो कि मैं सुन न सकूँ!' कुछ कम ऊँची आवाज़ में उसने हाथ हिलाकर उत्तर दे दिया, 'यहाँ ज़रूरी का भी बाप रखा है, जी। तुम ऊपर चले जाओ।' वह आदमी लौट गया। मिहल की छाँव में बैठकर गुसाईं ने लकड़ी के जलते कुन्दे को खोदकर चिलम सुलगाई और गुड़-गुड़ करता धुआँ उड़ाता रहा। खस्सर-खस्सर चक्की का पाट चल रहा था। किट-किट-किट-किट खप्पर से दाने गिराने वाली चिड़िया पाट पर टकरा रही थी। छिच्छिर–छिच्छिर की आवाज़ के साथ मथानी पानी को काट रही थी। पत्थरों के बीच में टखने-टखने तक फैला पानी क्या आवाज़ करेगा। पानी के गर्भ से निकलकर छोटे-छोटे पत्थर भी अपना सिर उठाए आकाश को निहार रहे थे। दोपहरी ढलने पर भी इतनी तेज़ धूप! कहीं चिरैया भी नहीं बोलती। किसी प्राणी का प्रिय-अप्रिय स्वर नहीं। सूखी नदी के किनारे बैठा गुसाईं सोचने लगा, क्यो उस व्यक्ति को लौटा दिया। लौट तो वह जाता ही घट के अंदर टच्च पड़े पिसान के थैलों को देखकर। दो-चार क्षण की बातचीत का आसरा ही होता। कभी-कभी गुसाईं को यह अकेलापन काटने लगता है। सूखी नदी के किनारे का यह अकेलापन नहीं, ज़िंदगी भर साथ देने के लिए जो अकेलापन उसके द्वार पर धरना देकर बैठ गया है, वही। जिसे अपना कह सके, ऐसे किसी प्राणी का स्वर उसके लिए नहीं, पालतू कुत्ते-बिल्ली का स्वर भी नहीं।

# विश्व की दिशा परिवर्तन का वर्ष



*ट्रंप की नीतियों की अस्थिरता और अप्रत्याशितता ने सामरिक समीकरणों को भी उलटा-पलटा है। यूरोप के साथ अमेरिका के रिश्तों की बुनियाद सदियों पुरानी है। दूसरे महायुद्ध में यूरोप के जर्जर और कंगाल हो जाने के बाद अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी सामरिक और आर्थिक शक्ति बनकर उभरा था। इसलिए उसने अपने नेतृत्व में विश्व के लिए एक नई नियमबद्ध व्यवस्था बनाई जो उसके उदार लोकतंत्र, खुली स्पर्धा वाली आर्थिकी और कानून व्यवस्था के सिद्धांतों पर आधारित थी। यूरोप उसका सामरिक साथी और वैचारिक प्रयोगशाला बना। यूरोप ने शीतयुद्ध के दौरान साम्यवादी एकदलीय तानाशाही के फैलाव को रोके रखा। सोवियत संघ से स्वतंत्र हुए पूर्वी यूरोप के देशों ने अमेरिका और यूरोप की व्यवस्था को केवल तेज आर्थिक विकास के लिए ही नहीं अपनाया था। उन्हें साम्यवादी तानाशाही से अपना अस्तित्व भी बचाना था और उम्मीद थी कि यूरोप और अमेरिका उनकी रक्षा करेंगे। ट्रंप यूक्रेन के बचाव की जगह पुतिन को खुश रखने के लिए जिस तरह उसकी जमीन और सुरक्षा का सौदा करने में लगे हैं, उसने इस भ्रम को भी तोड़ दिया है। यूरोप को सबसे बड़ा धक्का ट्रंप की नई सुरक्षा नीति में पुतिन के*

विश्व आर्थिक मंच, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, राजनयिक और विश्लेषक वर्ष 2025 को दुनिया की दिशा बदलने वाले वर्ष के रूप में परिभाषित कर रहे हैं। इसकी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की नाटकीय टैरिफ नीति, वैश्विक समीकरणों और व्यवस्थागत नियमों में हुई ऐसी उथल-पुथल है, जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद से चली आ रही विश्व व्यवस्था में पहले कभी नहीं देखी गई। वैश्वीकरण के दौर में विश्व व्यापार बढ़कर 40 गुना से अधिक हो गया था जिसके कारण दुनिया के एक अरब से अधिक लोग गरीबी के दायरे से बाहर निकल सके, लेकिन इस दौर में उद्योग-धंधे अमेरिका और यूरोप छोड़कर एशियाई देशों में चले गए, जहां कच्चा माल और मज़दूरी सस्ती थी। इससे अमेरिका और यूरोप में कामगार बेरोजगार हुए और व्यापार घाटे भी बढ़े। ट्रंप इसी प्रक्रिया को पलटने के वादे पर चुनाव जीते थे। इसलिए उन्होंने सत्ता संभालते ही कुछ देशों पर भारी टैरिफ लगाने के साथ-साथ छोटे-बड़े सभी देशों पर टैरिफ लगा दिए। इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर लगाया गया, ताकि विश्व व्यापार संगठन में चुनौती न दी जा सके। पिछले 70 वर्षों से मुक्त व्यापार की वकालत करते आ रहे देश ने 30 वर्ष लंबी गैट वार्ताओं के बाद बनी विश्व व्यापार की व्यवस्था को एक एलान से ध्वस्त कर दिया। ट्रंप के टैरिफ युद्ध का प्रमुख निशाना चीन था, परंतु उसने अपने दुर्लभ खनिजों और औद्योगिक चुंबकों के ब्रह्मास्त्र से अपना बचाव कर लिया। भारत और ब्राजील इसके लिए तैयार नहीं थे। इसलिए दोनों पर सर्वाधिक ऊंचे 50 प्रतिशत टैरिफ लगे हैं। दिलचस्प बात यह है कि रूस पर युद्धविराम का दबाव डालने के लिए ट्रंप भारत पर रूसी तेल खरीदना बंद करने का दबाव डाल रहे हैं, जिसे वे दोस्त कहते हैं। जबकि रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार और प्रतिद्वंद्वी चीन से कुछ नहीं कहते। नाटो में अपने सहयोगी तुर्किये से कुछ नहीं कहते। अपने दोस्त हंगरी के नेता ओर्बान को खरीदने की छूट दे रहे हैं और खुद रूस से परमाणु ईंधन की खरीदारी जारी है। ट्रंप की अबूझ नीतियों के कारण यह साल 25 वर्षों से घनिष्ठ होते आ रहे भारत-अमेरिका रिश्तों पर संदेह और अनिश्चितता के साए का साल रहा। इस नियमहीन धौंस की कूटनीति ने चीन, रूस और ब्राजील जैसी ब्रिक्स शक्तियों को डालर के बिना व्यापार करने के उपाय खोजने पर विवश किया। ये देश अब अपना अधिकांश व्यापार अपनी मुद्राओं में करने लगे हैं। रूस और चीन करीब 250 अरब डालर के व्यापार का 99.1 प्रतिशत अपनी मुद्राओं में करते हैं। भारत-रूस भी अपने व्यापार का 96 प्रतिशत अपनी मुद्राओं में करते हैं। चीन और ब्राजील भी आपसी व्यापार अपनी मुद्राओं में करने लगे हैं। आर्थिक प्रतिबंधों से बचने के लिए डालर मुक्त व्यापार नया नहीं है, पर ट्रंप की मनमानी और धौंस ने इसे नई गति दी है।

ट्रंप की नीतियों की अस्थिरता और अप्रत्याशितता ने सामरिक समीकरणों को भी उलटा-पलटा है। यूरोप के साथ अमेरिका के रिश्तों की बुनियाद सदियों पुरानी है। दूसरे महायुद्ध में यूरोप के जर्जर और कंगाल हो जाने के बाद अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी सामरिक और आर्थिक शक्ति बनकर उभरा था। इसलिए उसने अपने नेतृत्व में विश्व के लिए एक नई नियमबद्ध व्यवस्था बनाई जो उसके उदार लोकतंत्र, खुली स्पर्धा वाली आर्थिकी और कानून व्यवस्था के सिद्धांतों पर आधारित थी। यूरोप उसका सामरिक साथी और वैचारिक प्रयोगशाला बना। यूरोप ने शीतयुद्ध के दौरान साम्यवादी एकदलीय तानाशाही के फैलाव को रोके रखा। सोवियत संघ से स्वतंत्र हुए पूर्वी यूरोप के देशों ने अमेरिका और यूरोप की व्यवस्था को केवल तेज आर्थिक विकास के लिए ही नहीं अपनाया था। उन्हें साम्यवादी तानाशाही से अपना अस्तित्व भी बचाना था और उम्मीद थी कि यूरोप और अमेरिका उनकी रक्षा करेंगे। ट्रंप यूक्रेन के बचाव की जगह पुतिन को खुश रखने के लिए जिस तरह उसकी जमीन और सुरक्षा का सौदा करने में लगे हैं, उसने इस भ्रम को भी तोड़ दिया है।

यूरोप को सबसे बड़ा धक्का ट्रंप की नई सुरक्षा नीति में पुतिन के हमले और तानाशाही की आलोचना की जगह अपनी आलोचना को पढ़कर लगा है। अमेरिकी सुरक्षा नीति कहती है कि लचर नीतियों के कारण यूरोप के कुछ देशों में कुछ ही दशकों के भीतर यूरोपीय सभ्यता लुप्त हो जाएगी, क्योंकि गैर-यूरोपीय बहुसंख्यक बन जाएंगे। इसलिए वह यूरोप में राष्ट्रवादी पार्टियों को सत्ता में देखना चाहती है। स्पष्ट है कि ट्रंप यूरोप को अब एक बोझ के सिवा कुछ नहीं मानते। दूसरी तरफ पुतिन का स्वागत वे महाशक्ति की तरह तालियां बजाकर करते हैं। चीनी राष्ट्रपति के साथ होने वाली शिखर बैठक को जी-2 की संज्ञा देकर वे स्वयं स्वीकार करते हैं कि चीन अब बराबर की महाशक्ति है। स्वीडन के पूर्व प्रधानमंत्री कार्ल बिल्ट ने ट्रंप के इस रवैये को अमेरिका की 'सभ्यतागत आत्महत्या' की संज्ञा दी है। उदार लोकतंत्र, खुली स्पर्धा और नियमबद्ध व्यवस्था जैसे आदर्शों को ताक पर रखकर ट्रंप तीन महाशक्तियों के दबदबे वाली दुनिया बनाने की राह पर हैं। संयुक्त राष्ट्र के किसी मंच पर अब जुबानी जमाखर्च के सिवा इन तीनों की आमराय के बिना कुछ हो पाने की संभावना कम ही दिखती है। ऐसे में असली चुनौती यूरोप और भारत के सामने है कि कैसे अपनी सुरक्षा में आत्मनिर्भर होकर अपना दबदबा बढ़ाएं और कारोबार फैलाएं। इसमें कोई बड़ी कठिनाई नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यदि दुनिया तिकोना रूप लेती है तो समर्थन-शक्ति के लिए कई छोटे देश साथ आना चाहेंगे।

## सम्पादकीय

### अरावली : भ्रम के शोर में दबता सच या मजबूत होता संरक्षण?

अरावली पर्वतमाला केवल पहाड़ों की श्रृंखला नहीं, बल्कि उत्तर-पश्चिम भारत की जीवनरेखा है। यह वही अरावली है जो थार के मरुस्थल को आगे बढ़ने से रोकती है, भूजल को संजोती है, जलवायु संतुलन बनाए रखती है और दिल्ली-एनसीआर से लेकर राजस्थान तक पर्यावरणीय सुरक्षा कवच का काम करती है। लगभग 2.5 अरब वर्ष पुरानी यह विश्व की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक है, जिसका करीब 80 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान में स्थित है। ऐसे में अरावली को लेकर हालिया बहस केवल पर्यावरण की नहीं, बल्कि राजनीति बनाम तथ्य की बन चुकी है।



20 नवंबर 2025 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरावली की स्पष्ट और वैज्ञानिक परिभाषा तय किया जाना इसी बहस का केंद्र है। न्यायालय ने कहा कि आसपास के भू-भाग से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली किसी भी भू-आकृति को अरावली माना जाएगा, और 500 मीटर के भीतर स्थित पहाड़ियां एक संयुक्त अरावली रेंज का हिस्सा होंगी। यह फैसला किसी नई अवधारणा पर नहीं, बल्कि 2002 में तय की गई राजस्थान सरकार की परिभाषा और रिचर्ड मर्फी (1968) के लैंडफॉर्म क्लासिफिकेशन पर आधारित है। यानी जिसे आज 'नया' बताकर भ्रम फैलाया जा रहा है, वह वर्षों से सरकारी रिकॉर्ड और न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा रहा है।

इसके बावजूद यह प्रचार किया जाना कि इस फैसले से 90 प्रतिशत अरावली समाप्त हो जाएगी, न केवल तथ्यहीन है बल्कि पर्यावरण जैसे गंभीर विषय को राजनीतिक रंग देने का प्रयास भी है। वास्तविकता यह है कि अरावली क्षेत्र का करीब 25 प्रतिशत हिस्सा अभयारण्यों, राष्ट्रीय उद्यानों और आरक्षित वनों में आता है, जहां खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। पूरे अरावली क्षेत्र में केवल 2.56 प्रतिशत हिस्सा ही सीमित और कड़े नियमों के तहत खनन योग्य है। वर्तमान में तो चार राज्यों के 37 जिलों में कुल भौगोलिक क्षेत्र का मात्र 0.19 प्रतिशत ही वैध खनन पट्टों के अंतर्गत आता है।

और भी महत्वपूर्ण यह कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जब तक वैज्ञानिक मैपिंग और सस्टेनेबल माइनिंग मैनेजमेंट प्लान तैयार नहीं हो जाता, तब तक कोई नया खनन पट्टा जारी नहीं किया जा सकता। इसका सीधा अर्थ यह है कि नई परिभाषा खनन को बढ़ावा नहीं, बल्कि उसे और अधिक नियंत्रित और सख्त बनाती है। सर्वे ऑफ इंडिया के आंकड़े बताते हैं कि इस व्यवस्था के तहत राजस्थान के राजसमंद में 98.9 प्रतिशत, उदयपुर में 99.89 प्रतिशत और हरियाणा के महेंद्रगढ़ में 75 प्रतिशत से अधिक पहाड़ी क्षेत्र खनन से बाहर रहेगा।

केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री द्वारा यह स्पष्ट किया जाना कि इस फैसले से अरावली को कोई नुकसान नहीं होगा, सरकार की मंशा को रेखांकित करता है। ग्रीन क्रेडिट फंड और अरावली की 'ग्रीन वॉल' को मजबूत करने जैसे कदम यह संकेत देते हैं कि संरक्षण केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा गया है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि अरावली को राजनीतिक बहस का औजार बनाने के बजाय उसे राष्ट्रीय पर्यावरणीय धरोहर के रूप में देखा जाए। अवैध खनन, अतिक्रमण और जंगलों के क्षरण पर प्रभावी रोक, वैज्ञानिक पुनरुद्धार और जनभागीदारी–यही अरावली को बचाने का वास्तविक रास्ता है। निष्कर्षतः, सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय अरावली के लिए खतरा नहीं, बल्कि कानूनी स्पष्टता और दीर्घकालीन संरक्षण की दिशा में मजबूत कदम है। भ्रम फैलाने की राजनीति से ऊपर उठकर यदि तथ्य और पर्यावरण को प्राथमिकता दी जाए, तो अरावली आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उतनी ही मजबूत जीवनरेखा बनी रह सकती है।

# मुक्त व्यापार से खुलेगी प्रगति की राह

*इससे भारत के कपड़ा, रत्न-आभूषण, दवाई, वाहन, कृषि उत्पाद और चमड़ा उद्योग को बड़ा फायदा होने की उम्मीद है। खासतौर से भारत से करीब 3.64 अरब डालर के निर्यात पर ओमान में फिलहाल लगने वाला पांच प्रतिशत शुल्क शून्य हो जाएगा। इसके बदले में भारत ने ओमान से आने वाले विभिन्न उत्पादों पर आयात शुल्क में कमी सुनिश्चित की है। भारत ने अपनी करीब 78 प्रतिशत टैरिफ लाइन पर शुल्क में उदारता की पेशकश की है। ऐसे में मूल्य के लिहाज से ओमान से भारत में 95 प्रतिशत उत्पादों के शुल्क कम होंगे। इनमें खजूर, मार्बल और पेट्रोकेमिकल उत्पाद शामिल हैं। निश्चित रूप से इस एफटीए के तहत भारत के हित में कई अहम बातें हैं। भारत ने घरेलू हितों की रक्षा के लिए कुछ सख्त कदम भी उठाए हैं। पेशेवर आवाजाही पर भी एफटीए में भारत के हित हैं। पहली बार ओमान ने भारतीय पेशेवरों की*

ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों और वैश्विक व्यापार के मोर्चे पर अनिश्चितताओं के बीच भारत के निर्यात में बढ़ोतरी का रुझान दिखा है। नवंबर 2024 से नवंबर 2025 के बीच भारत का कुल निर्यात 64.05 अरब डालर से बढ़कर 73.99 अरब डालर हो गया। निर्यात में 15.52 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है। इसके पीछे मुक्त व्यापार समझौतों यानी एफटीए की अहम भूमिका मानी जा रही है। नए वर्ष में अमेरिका, यूरोपीय संघ और कई अन्य देशों के साथ एफटीए के आकार लेने से भारत का निर्यात नई ऊंचाई पर होगा तथा भारत की व्यापार घाटे की चिंताएं कम होंगी। इसी पृष्ठभूमि में 19 दिसंबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत-न्यूजीलैंड एफटीए को मंजूरी दी है। दोनों देशों ने 14 साल पहले एफटीए पर बातचीत शुरू की थी। इस एफटीए से जहां वस्तुओं और सेवाओं में व्यापार के साथ-साथ निवेश प्रवाह को बढ़ाने और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इससे कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा, फार्मा, शिक्षा और सेवाओं जैसे क्षेत्रों में नए अवसर बनने की भी उम्मीद है। इससे पहले ही 18 दिसंबर को ओमान के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस एफटीए को आधिकारिक तौर पर समग्र आर्थिक भागीदारी समझौता (सीपा) कहा गया है। इस एफटीए के तहत भारत के 98 प्रतिशत निर्यात को ओमान में शून्य दर पर पहुंच मिलेगी। इसमें ओमान को होने वाले 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात शामिल हैं। इससे भारत के कपड़ा, रत्न-आभूषण, दवाई, वाहन, कृषि उत्पाद और चमड़ा उद्योग को बड़ा फायदा होने की उम्मीद है। खासतौर से भारत से करीब 3.64 अरब डालर के निर्यात पर ओमान में फिलहाल लगने वाला पांच प्रतिशत शुल्क शून्य हो जाएगा। इसके बदले में भारत ने ओमान से आने वाले विभिन्न उत्पादों पर आयात शुल्क में कमी सुनिश्चित की है। भारत ने अपनी करीब 78 प्रतिशत टैरिफ



लाइन पर शुल्क में उदारता की पेशकश की है। ऐसे में मूल्य के लिहाज से ओमान से भारत में 95 प्रतिशत उत्पादों के शुल्क कम होंगे। इनमें खजूर, मार्बल और पेट्रोकेमिकल उत्पाद शामिल हैं। निश्चित रूप से इस एफटीए के तहत भारत के हित में कई अहम बातें हैं। भारत ने घरेलू हितों की रक्षा के लिए कुछ सख्त कदम भी उठाए हैं। पेशेवर आवाजाही पर भी एफटीए में भारत के हित हैं। पहली बार ओमान ने भारतीय पेशेवरों की आवाजाही पर व्यापक रियायतें दी हैं। 'इंट्रा-कारपोरेट ट्रांसफरीज' का कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। टेंडर के आधार पर सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों के लिए समय की अवधि को 90 दिनों से बढ़ाकर दो साल कर दिया गया है। आइटी, बिजनेस सर्विसेज, आडियो-विजुअल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भारतीय कंपनियां अब ओमान में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कर सकेंगी। एफटीए लागू होने के बाद भारत के उत्पाद और सेवा निर्यात ओमान में बढ़ सकेंगे और भारत का प्रतिकूल व्यापार असंतुलन कम होगा। ओमान के आधुनिक बंदरगाहों के उपयोग से पूर्वी यूरोप तक माल पहुंचाने में लगने वाले समय और खर्च में भारी कमी आएगी, जिससे भारतीय निर्यातकों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता भी बढ़ेगी। मोदी सरकार के दौरान मारीशस, संयुक्त अरब अमीरात और आस्ट्रेलिया के साथ एफटीए पर प्रगति हुई है। एक अक्टूबर से भारत और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नार्वे और लिंचेस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के बीच भी एफटीए लागू हो गया है

# अरावली की परिभाषा, विवाद को शांत करना जरूरी

अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर हो रहे विवाद पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री ने यह तो स्पष्ट कर दिया कि अरावली क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित है और उसके सिर्फ 0.19 प्रतिशत इलाके में ही खनन होगा, लेकिन इसमें संदेह है कि इसके बाद विवाद शांत हो जाएगा। इसका कारण सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश की गई वह रिपोर्ट है, जो कहती है कि सौ मीटर से ऊंची पहाड़ियों को ही अरावली पर्वतमाला माना जाएगा। यदि इस परिभाषा को स्वीकृति मिली तो इसका मतलब होगा कि 99 मीटर ऊंची पहाड़ियां अरावली का हिस्सा नहीं रह जाएंगी। यदि ऐसा होता है तो आशंका है कि अरावली के बड़े क्षेत्र में खनन का रास्ता साफ हो सकता



है। उचित यह होगा कि इस आशंका को दूर किया जाए। इसके लिए यह स्पष्ट करना होगा कि क्या उक्त परिभाषा को मान्यता मिलने की स्थिति में भी अरावली के केवल 0.19 प्रतिशत क्षेत्र में ही खनन होगा? कहना कठिन है कि ऐसा ही है या नहीं, लेकिन यह आवश्यक है कि अरावली क्षेत्र में एक तो सीमित खनन ही हो और दूसरे अवैध खनन को हर हाल में वास्तव में रोका जाए। यह एक तथ्य है कि तमाम रोक के बाद भी अरावली क्षेत्र में अवैध खनन होने की खबरें आती रहती हैं। वन एवं पर्यावरण मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि एनसीआर क्षेत्र में खनन की अनुमति नहीं है और इसे लेकर कई लोगों ने भ्रम फैलाया है, लेकिन एनसीआर से इतर क्षेत्र में खनन के दायरे को लेकर भी तो स्पष्टता आवश्यक है। आम तौर पर अवैध खनन वहीं होता है, जहां वैध खनन की अनुमति होती है। अरावली पर्वतमाला विश्व की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला मानी जाती है। यह मैदानी इलाकों को रेगिस्तानी रेत से बचाने के लिए एक अवरोधक की तरह काम करती है। मान्यता है कि इस पर्वतमाला के चलते ही थार रेगिस्तान हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक नहीं फैल पाया। अरावली की थार रेगिस्तान और शेष क्षेत्र के बीच जलवायु को संतुलित करने और भूजल के प्रबंधन में भी अहम भूमिका है। चूंकि अरावली क्षेत्र कई नदियों का स्रोत है, इसलिए उसमें एक सीमा से अधिक खनन कदापि नहीं होना चाहिए। इसलिए और भी नहीं, क्योंकि अरावली के पहाड़ धूल भरी आंधियों को रोकते हैं और इस तरह प्रदूषण कम करने में योगदान देते हैं। क्या यह किसी से छिपा है कि दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ उसके आसपास प्रदूषण की समस्या कितनी गंभीर होती जा रही है?

# श्रीकर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में चौ. चरण सिंह जयंती पर किसान दिवस का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**जयपुर/जोबनेर।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस को 'किसान दिवस' के रूप में भव्य आयोजन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किसानों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन फार्मर्स फॉर्म, प्रसार शिक्षा निदेशालय, जोबनेर व इफको के संयुक्त सौजन्य से कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के सरस्वती सभागार में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कुलगुरु प्रो. डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान का फार्मर्स फॉर्म के आयोजकों ने शॉल व साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया । कार्यक्रम से पूर्व आयोजक समिति की ओर से आयोजित कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने किया। इसके पश्चात सरस्वती वंदना व विश्वविद्यालय कुलगीत के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने चौधरी चरण सिंह जी के राष्ट्र एवं कृषि क्षेत्र में दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए किसानों से रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा देने तथा प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने जैविक उत्पादों के बेहतर मूल्य प्राप्त करने के लिए अनाजों के प्रसंस्करण व लघु स्तर की प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर बल देते हुए आय दोगुनी करने की संभावनाओं को रेखांकित किया। साथ ही कृषि शिक्षा में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी को महिला सशक्तिकरण व राष्ट्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने किसानों की सफलता की कहानियों के प्रकाशन और नवाचारों को अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाने की आवश्यकता पर भी विशेष जोर दिया। विशिष्ट अतिथि फार्मर्स फॉर्म के अध्यक्ष व पूर्व संयुक्त शासन सचिव मेवाराम जाट ने चौधरी चरण सिंह जी के जन्मदिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसान देश के अन्नदाता हैं और चौधरी साहब का संदेश किसानों को शिक्षित, संगठित व आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा देता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुवा लाल जाट, डायरेक्टर आत्मा ने इस एरिया में बढ़ती हाइटेक बागवानी की चर्चा करते हुए किसानों को सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं पर प्रकाश डाला। इफको के हैड डॉ. ए. पी. सिंह ने किसानों को संतुलित पोषक तत्वों के समुचित उपयोग की सलाह दी। फार्मर्स फॉर्म के प्रमुख सचिव बी. एल. मंडीवाल ने फार्मर्स फॉर्म की गतिविधियों की जानकारी देते हुए चौधरी चरण सिंह की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रसार शिक्षा निदेशालय के निदेशक डॉ. आर. एन. शर्मा ने किसानों को अपने उत्पाद बिचौलियों के माध्यम से न बेचकर सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचाने का सुझाव दिया, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके। साथ ही उन्होंने बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप प्रति इकाई क्षेत्र से अधिक उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया। निदेशक कृषि अनुसंधान डॉ. उम्मेद सिंह ने नरेगा के संशोधित बिल 'विकसित भारत जी राम जी' की जानकारी देते हुए इसे किसानों के लिए लाभकारी बताया। रुद्र शिवम डेयरी के संचालक सुरेंद्र अवाना ने किसानों के नवाचारों को देश की कृषि नीति में शामिल करने के लिए इस मंच के माध्यम से पहल करने का आह्वान किया, जिससे किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने फल, सब्जी व दुग्ध उत्पादों के लिए लघु स्तर की प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित करने पर बल देते हुए चौधरी साहब की सोच को नमन किया। इस अवसर पर फार्मर्स फॉर्म की ओर से 11 नवाचारी वं प्रगतिशील कृषकों को 'डॉ. आर. एस. परोधा किसान रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। सम्मानित कृषकों में नवहिंद सिंह चौधरी (टोंक), तेजाराम जी तेतरवाल, मुकेश कुमार यादव, हरिराम जी चौधरी (टोंक), जवान सिंह (डांसरोली), देवी लाल मीणा (नागौर), उर्मिला चौधरी (झुंझुनू), राधेश्याम कुमावत (सुंडा की ढाणी), युवा कृषक दुलीचंद वर्मा (जोबनेर), राहुल चौधरी (आभूषण, झुंझुनू) एवं शंकर लाल हरितवाल शामिल रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. एन. एल. सेपट, डॉ. बी. एल. ककरालिया, अधिष्ठाता व संकाय अध्यक्ष डॉ. डी. के. गोठवाल, अधिष्ठाता डेयरी साइंस कॉलेज डॉ. बी. एल. जाट, डॉ. बी. एल. आसीवाल, कृषि विभाग के अधिकारी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और लगभग 450 किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरि राम किवाडा, डॉ. पारुल ने किया। डॉ. नेमा राम सुंडा व डॉ केसर चौधरी ने अतिथियों व सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

## सेवापुरा में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में लोग लाभान्वित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** रामपुरा डाबड़ी तहसील की ग्राम पंचायत सेवापुरा में राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष पर राज्य सरकार की ओर से सेवापुरा पंचायत भवन में ग्राम पंचायत सेवापुरा, नागल पुरोहितान, उदयपुरिया, राजावास, खोराश्यामदास का सामुहिक ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का आयोजन शिविर प्रभारी रामपुरा डाबड़ी तहसीलदार धर्मेन्द्र स्वामी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर में राजस्व विभाग में 5 नामान्तरण, 3 शुद्धीकरण, 130 जाति - मूल प्रमाण पत्र, 20 जन्म तथा 5 मृत्यु प्रमाण पत्रों के आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में प्रशासक रोहिताश भुमला, गिरदावर केसर दैय्या, सहायक विकास अधिकारी अनिल कुमार शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी राकेश शर्मा, कनिष्ठ लिपिक सीताराम मीणा, समाजसेवी शिवराज उदय, ई मित्र संचालक बाबुलाल जाट, सुरेश चौधरी उपस्थित रहे। शिविर में विद्युत, पशुपालन, कृषि, चिकित्सा, सामाजिक न्याय व अधिकारिता, वन, खाद्य, पंचायतीराज, ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## भामाशाह ने 205 विद्यार्थियों को किए स्वेटर वितरित



जयपुर टाइम्स

**किशोरी(निस)।** कस्बे के समीपवर्ती गांव बल्लूवास के रा. उ. मा. विद्यालय में मंगलवार को प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार मीना के पिताजी मांगेलाल मीणा ने बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए हर वर्ष की भांति इस बार भी 205 गर्म स्वेटर वितरित किए। उल्लेखनीय है कि स्थानीय भामाशाह मांगेलाल मीणा की ओर से स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों को अब तक लगभग 100000/- रुपए की राशि के गर्म स्वेटर वितरित किए जा चुके हैं। विद्यालय परिवार व ग्रामवासियों ने मांगेलाल मीणा का अभिनन्दन व आतिथ्य सत्कार किया। कार्यक्रम में बल्लूवास प्रधानाचार्य डॉ. सुशील कुमार मीणा व विद्यालय स्टॉफ सदस्य मुरली गुर्जर, नन्छू राम गुर्जर, वार्ड पंच शिवदयाल, श्रीनारायण गुप्ता, सुभाष गुर्जर, लीलाराम गुर्जर, जितेंद्र मीणा आदि उपस्थित रहें।

## सेवन डेज स्मार्ट एकेडमी में 'आरंभम', सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** शहर के मीठड़ी रोड स्थित सेवन डेज स्मार्ट एकेडमी में मंगलवार को 'आरंभम' वार्षिक समारोह का भव्य व रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत गणेश वंदना से हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथि महावीर कुमार शर्मा, जॉइंट डायरेक्टर अजमेर के सानिध्य में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। वार्षिक समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने रोमांचक, रचनात्मक एवं प्रेरणादायक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, नाटक सहित विभिन्न कलात्मक कार्यक्रमों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मंचासीन अतिथियों व उपस्थित अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों में अजीत सिंह डीईओ, हरलाल सिंह कालेर सीबीओ, भंवरलाल खोखर सीबीओ कुचामन, दिव्या सोनी एसडीएम, रामेश्वर लाल गढ़वाल तहसीलदार, शांति देवी, सहायक अभियंता पीएचडी, नंदलाल चौधरी सीआई नावा सहित अग्रवाल समाज से अल्पना अग्रवाल, स्वाती बंसल, कुसुम लड्ढा, कुसुम अग्रवाल, प्रकाश सोमानी, मीठड़ी व नावां क्षेत्र के कई अतिथि मौजूद रहे। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ। साथ ही उपस्थित अभिभावकों का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों व स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलती है।

## सीबीआई टीम ने दो स्थानों पर की जांच

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** केरल से आई दो टीमों ने नलिया बास और नया बास स्थित दो आवासों पर दबिश दी। जानकारी के अनुसार ये टीमें ऑनलाई फ्रोड के जरिये खातों में आए फंड की जांच करने के लिए यहां पहुंची थी। टीम के अधिकारियों ने मीडिया से दूरी रखी। दो डीएसपी की ओर से इस जांच को कंडक्ट किया गया। इस दौरान कोतवाली पुलिस के जवान भी एहतियात के तौर पर तैनात रहे। जांच टीमें अपने साथ बरामद किए गए आवश्यक दस्तावेजात भी ले गई है।

### बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न के खिलाफ नावा में प्रदर्शन

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने किया विरोध प्रदर्शन, यूनुस सरकार का पूतला फूंका

जयपुर टाइम्स



**नावांशहर(निस)।** उपखंड मुख्यालय नावा में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में महालक्ष्मी चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार व जिहादी संगठनों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यूनुस सरकार का पुतला दहन किया प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद से इस्लामी जिहादी गतिविधियों में लगातार वृद्धि हो रही है। इन घटनाओं में विशेष रूप से हिंदू समाज को निशाना बनाया जा रहा है। हिंदुओं के मंदिरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, महिलाओं, संपत्तियों के साथ-साथ शासकीय कर्मचारियों व पत्रकारों पर भी हमले किए जा रहे हैं। विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदू प्रताड़ना की घटनाएं लगभग हर सप्ताह सामने आ रही हैं। हाल ही में मेमनसिंह जिले के भालुका क्षेत्र में हुई घटना ने पूरी मानवता को शर्मसार कर दिया है। इस प्रकार की बिभत्स घटनाएं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन हैं। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए भय और शोषण मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने भारत सरकार से भी मांग की कि वह इस गंभीर मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप कर बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन आक्रोश साफ नजर आया। भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार नहीं रुके तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## उप जिला चिकित्सालय जमीन मामले में सर्व समाज मुखर

### पेंशनर समाज लामबंद, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स




**नावांशहर(निस)।** राजकीय उप जिला चिकित्सालय के नव निर्माण को शहर से 8 किलोमीटर दूर ग्राम राजास में प्रस्तावित किए जाने के विरोध में अब पेंशनर समाज भी खुलकर सामने आ गया है। पेंशनर समाज उप शाखा नावां सिटी ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष मालचंद भार्गव के नेतृत्व में उप खंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर चिकित्सालय शहर की सीमा में ही बनाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि उप जिला चिकित्सालय जैसी अत्यंत आवश्यक स्वास्थ्य सेवा यदि शहर से दूर स्थापित की जाती है तो इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव वृद्धजनों एवं वरिष्ठ पेंशनरों पर पड़ेगा। बीमार बुजुर्गों के लिए शहर से बाहर जाकर उपचार कराना कठिन होगा, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसलिए जनहित को ध्यान में रखते हुए चिकित्सालय का निर्माण शहर की सीमा में ही किया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मालचंद भार्गव, उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार माथुर, सचिव मदन लाल पिपलोदा, सहायक सचिव बजरंग लाल चेजारा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, संगठन मंत्री शंकर लाल वर्मा, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार सांखला, पूर्व सचिव बाबूलाल टाक सहित जय कुमार टेलर, मदन लाल शर्मा, शंकर लाल सोनी, शिव दत्त शर्मा, पुष्कर नारायण, भवरु खान, नटवरलाल पारीक, सीताराम नागा, कानाराम कुमावत समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ पेंशनर उपस्थित रहे।

## आरएलपी कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** उपखण्ड मुख्यालय नावा के ग्राम मारोठ में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भींवा राम शेषमा ने की। इस बैठक में नावा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर आरएलपी का बीएलए द्वितीय नियुक्त करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नावा विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ से सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने बूथ पर नए सदस्यों को पार्टी से जोड़कर आरएलपी संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे। इस अवसर पर आरएलपी सदस्य रणजीत पोषक ने भाजपा और कांग्रेस छोड़कर आए कार्यकर्ताओं को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर औपचारिक रूप से सदस्यता दिलवाई। वहीं बजरंग शेषमा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नावा विधानसभा क्षेत्र में आरएलपी को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने भविष्य की पार्टी रणनीति की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में भूरा राम शेषमा और लिचाना सरपंच नानू राम कुल्डिया ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। बैठक में राजू राम खोखर, महावीर खींची, प्रकाश चौधरी, सुरेश झाझड़ा (आसपुरा), हरीश राड़, कैलाश खोखर, मुकेश खोखर, रुपाराम रणवा, कृष्ण पूनिया, शंकर, राकेश कुमार गोरा, मुकेश कुमार भंवरिया, महेंद्र, सचिन, विकास, मोहनलाल, मोहन, प्रभु राम भडाला, गणेशराम बाजिया, राजकुमार, सोहन, शायत, मोतीराम, सुभाष भावरिया, कमलेश बाजिया, गरबा राम, रामनिवास किल्डोलिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य आगामी समय में नावा विधानसभा क्षेत्र में आरएलपी को संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनाना रहा।

### पीएमश्री विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय-राष्ट्रीय वार्ताकारों का संबोधन

## ग्रीन हैबिट्स, स्वस्थ जीवन और उद्यमिता पर दिया प्रेरक संदेश

जयपुर टाइम्स



**नावांशहर(निस)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नावा में मंगलवार को एक प्रेरणादायी शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के वार्ताकारों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में उद्योगपति चंद्रशेखर साबू ने अंतर्राष्ट्रीय वार्ताकार के रूप में वैश्विक व्यापार और पर्यावरण संतुलन विषय पर विचार साझा किए। उन्होंने ग्रीन हैबिट्स की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि व्यापार के प्रत्येक पहलू में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने एक स्कूली बच्चे की ओर से स्टार्टअप प्रारंभ करने का उदाहरण देकर विद्यार्थियों को नवाचार और उद्यमिता के लिए प्रेरित किया। वहीं राष्ट्रीय वार्ताकार के रूप में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित व सेवानिवृत्त उपनिदेशक शिक्षा विभाग सुरेश चंद्र व्यास ने स्वस्थ जीवन शैली, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य और सदैव जिज्ञासु बने रहने के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित जीवन जीने और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान एसडीएमसी सदस्य राम तंवर, बसंत अग्रवाल, हबीब तेली, कौशल्या छिपा व अल्पना अग्रवाल, भामाशाह तेजपाल कुमावत तथा कथावाचक गोपाल कृष्ण महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रामकिशोर बासिता ने किया। इसके साथ ही व्याख्याता कविता शर्मा, देवेंद्र कुमावत व मनोज कुमार मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित कर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### आध्यात्मिक इंटेलिजेंस से ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को नियंत्रित किया जा सकता है : बी. आर. शंकरानंद

## गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति का मूल आधार : राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय शिक्षण मंडल, जयपुर प्रान्त के तत्वावधान में राजस्थान विश्वविद्यालय के आर. ए. पोद्दार संस्थान में मंगलवार को भारतीय शिक्षण मंडल की वार्षिक पत्रिका 'रश्मिपथ' का भव्य विमोचन राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े व भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. आर. ने किया। इस अवसर पर 'ढ्ढ के युग में बदलता हुआ शिक्षा का परिदृश्य एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षण संस्थानों की भूमिका' विषय पर एक बौद्धिक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जिसने सदियों से ज्ञान, संस्कार और मूल्यों को सुरक्षित रखा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी युग में भी शिक्षा का उद्देश्य केवल कौशल विकास नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण होना चाहिए। राज्यपाल ने गरीब एवं वंचित विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने पर विशेष बल दिया तथा शिक्षकों से अनुशासन, मर्यादा और आदर्श आचरण से समाज को दिशा देने का आह्वान किया। भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री बी. आर. शंकरानंद ने अपने वक्तव्य में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को आध्यात्मिक इंटेलिजेंस व विवेक के माध्यम से ही संतुलित और नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ढ्ढ जैसी तकनीक भारत के लिए नई नहीं है, क्योंकि भारतीय समाज परिवर्तन और नवाचार को आत्मसात करता आया है, इसी कारण वह सनातन व मृत्युंजय बना है। उन्होंने विवेक, संस्कार और मूल्यों के विकास पर जोर देते हुए कहा कि विद्यालय का वातावरण घर जैसा और घर का वातावरण विद्यालय जैसा होना चाहिए, तभी ढ्ढ का सकारात्मक उपयोग संभव है। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. आनंद भालेराव ने ढ्ढ की कार्यप्रणाली, संभावनाओं एवं शिक्षा क्षेत्र में उसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। वहीं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डॉ. केदार शर्मा ने हिंदू संस्कृति के 16 संस्कारों को वैज्ञानिक बताते हुए उन्हें आज भी पूर्णतः प्रासंगिक बताया। जयपुर प्रान्त अध्यक्ष व राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. अल्पना कटेजा ने भारतीय शिक्षण मंडल का परिचय देते हुए वार्षिक पत्रिका 'रश्मिपथ' के उद्देश्य और वैचारिक दृष्टि की जानकारी दी।कार्यक्रम के अंत में प्रान्त उपाध्यक्ष प्रो. जयदीप ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन किया। कार्यक्रम में भारतीय शिक्षण मंडल, राजस्थान क्षेत्र के बौद्धिक प्रमुख डॉ. श्रीकान्त जी, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख संजय पाठक जी, राजस्थान क्षेत्र संयोजक प्रो. गजेंद्र पाल सिंह जी सहित अनेक शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी, शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# मैंने प्यार किया फेम भाग्यश्री पर चढ़ा बनारस का रंग

90 के दशक की सुपरहिट फिल्म मैंने प्यार किया फेम भाग्यश्री सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। अभिनेत्री हाल ही में बनारस की सैर पर थी। शनिवार को अभिनेत्री ने घाट की शानदार तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री गंगा घाट पर आनंद लेती नजर आ रही हैं। उन्होंने पोस्ट कर एक मजेदार कैप्शन लिखा, बनारस की सुबह। यहां की सुबह कुछ अलग ही होती है। यहां पर सुकून और शांति मिलती है, जैसे सभी नदियों में गंगा का पानी सबसे खास हो। यहां आकर इंसान खुद को भूल जाता है और नाविक आपको गंगा पार कराकर आपसे ही आपकी पहचान करा देता है। उन्होंने आगे लिखा, बनारस की हर सुबह अलग होती है। आज मौसम बादलों से घिरा था, इसलिए सूरज की पहली किरणें नहीं दिखीं। फिर भी यह अनुभव बहुत शांत और अद्भुत था। फैंस को अभिनेत्री का ये पोस्ट काफी पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन में खुलकर अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, गंगा मैया चे विस्तिर्ण पात्र, निर्मळ पाणी 'गंगा तेरा पानी अमृत, झर झर बहता जाए, युग युग से इस देश की धरती, तुझसे जीवन पाए। अभिनेत्री ने अपने करियर में भले ही कुछ ही फिल्मों में काम किया हो, लेकिन दर्शकों के दिलों में वे आज भी मौजूदगी दर्ज करवाती हैं।



# सोनू के टीटू की स्वीटी के इस सीन के अमिताभ बच्चन हुए फैन

**कार्तिक** आर्यन की सोनू के टीटू की स्वीटी का एक आइकॉनिक वॉकिंग सीन एक बार फिर चर्चा में है और इस बार वजह बने हैं खुद सदी के महानायक अमिताभ बच्चन। सालों पहले फिल्म में दिखा यह शांत लेकिन बेहद असरदार पल अब दोबारा सुर्खियों में आ गया है, जब अमिताभ बच्चन ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर इस सीन को याद करते हुए कार्तिक की तारीफ की। महानायक ने बातचीत के दौरान फिल्म का जिक्र करते हुए बताया कि कार्तिक का एक खास शॉट उनके ज़हन में आज भी बसा हुआ है। यह वही आखिरी सीन है, जहां कार्तिक का किरदार बिना एक भी शब्द बोले, सिर्फ खामोशी के साथ वहां से चला जाता है और भावनाएं खुद-ब-खुद सामने आ जाती हैं। उस पल को याद करते हुए अमिताभ बच्चन ने कहा, 'मैं आपको बताऊं, मुझे आपका कौन सा शॉट याद है। आप लास्ट शॉट में एकदम सीरियस होकर खड़े होते हो। बस आपको 'ना' बोलना होता है। पर आप 'ना' नहीं बोलते। आप चुप-चाप चलकर आते हो... और निकल जाते हो।' परफॉर्मेंस की इस सादगी और संयम की तारीफ करते हुए बिग बी ने इसे एक शब्द में समेटते हुए 'असाधारण' बताया। अमिताभ बच्चन की इस टिप्पणी ने दर्शकों के दिल को छू लिया। सोशल मीडिया पर फैंस ने एक बार फिर उस सीन को देखा और उसकी भावनात्मक गहराई की सराहना की। ऐसे दौर में, जहां जोरदार डायलॉग्स और ओवर-द-टॉप क्लाइमेक्स आम हो चुके हैं, कार्तिक का यह साइलेंट मोमेंट यह याद दिलाता है कि कभी-कभी खामोशी ही सबसे ज्यादा बोलती है। भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े आइकॉन से मिली इस खास सराहना के बीच, कार्तिक आर्यन अब अपनी अगली फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की तैयारी में जुटे हैं, जो क्रिसमस पर रिलीज होने वाली है। ऐसे में फेस्टिव सीजन में दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।



# तमन्ना भाटिया ने 16 साल की उम्र में डेब्यू

### आज बॉलीवुड और साउथ की टॉप एक्ट्रेस में शुमार

**कातिलाना** अदाएं, जबरदस्त अदाकारी और गजब का कॉन्फिडेंस... बॉलीवुड हो या साउथ इंडस्ट्री, हर जगह अपनी पहचान बनाने के लिए इन तीन चीजों की जरूरत पड़ती ही है। ऐसे में किसी ने शब्दों को सच कर दिखाया है तो वो हैं तमन्ना भाटिया। यूं तो इंडस्ट्री में हसीनाओं की कमी नहीं है, लेकिन तमन्ना ने बेहद कम समय में अपनी एक्टिंग, डांसिंग और बेमिसाल फैशन सेंस से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्होंने सिर्फ साउथ में ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड में भी अपना सिक्का मनवाया है।

तमन्ना का जन्म 21 दिसंबर 1989 को मुंबई में हुआ। बहुत कम उम्र में ही उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। महज 16 साल की उम्र में उन्होंने अपनी पहली हिंदी फिल्म 'चांद सा रोशन चेहरा' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। तमन्ना ने जल्द ही साउथ इंडस्ट्री की ओर रुख किया और वहां अपनी मेहनत और टैलेंट से खुद को साबित किया। तमिल और तेलुगु फिल्मों में उन्होंने कई हिट फिल्में दीं और जल्दी ही टॉप एक्ट्रेस बन गईं। 2013 में उन्होंने बॉलीवुड में 'हिम्मतवाला' से वापसी की। तमन्ना की खूबसूरती, अदाएं और स्टाइल हर किसी के दिल को छू जाती हैं। आज की रात', 'नशा' और 'पिया के बाजार' जैसे आइटम सॉन्ग्स में उन्होंने अपने शानदार डांस मूव्स से दर्शकों को दीवाना बना दिया। इसके अलावा, वह 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं, जिनमें उनकी एक्टिंग और प्रेजेंस ने सबका ध्यान खींचा। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी तमन्ना ने अपनी छाप छोड़ी। 'जी करदा' और 'आखिरी सच' जैसी वेब सीरीज में उनकी एक्टिंग को काफी सराहा गया। इन दोनों सीरीज के लिए उन्हें बॉलीवुड हंगामा ओटीटी इंडिया फेस्ट में 'बेस्ट फीमेल एक्टर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड भी मिला।

# अनुपम खेर ने इस बात के लिए की करीना कपूर की तारीफ



**अभिनेता** अनुपम खेर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी से जुड़ी अपडेट साझा करते रहते हैं। हाल ही में वह अभिनेत्री करीना कपूर से एक फ्लाइट में मिले। उन्होंने करीना के साथ तस्वीरें ली और इसे इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेता ने करीना के बारे में कई बातें लिखी हैं।

करीना कपूर के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए अनुपम खेर ने पोस्ट में लिखा 'फ्लाइट में करीना कपूर के साथ। मैं बेबो से साल 2000 में 'रिफ्यूजी' के सेट पर मिला था। यह उनकी डेब्यू फिल्म थी। वह बेहद खूबसूरत, आत्मविश्वासी होने के साथ-साथ थोड़ी नाजुक भी थीं। वह बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए बेचैन थीं। एक इंसान के तौर पर वह कमाल की हैं! कई वर्षों में उन्होंने बहुत तरक्की की है।'

### अच्छे रोल की तलाश में करीना कपूर

अनुपम खेर ने आगे लिखा 'बीते कल हम एक ही फ्लाइट में थे। हमने कई चीजों के बारे में बातें कीं। 25 वर्षों के बाद यह जानकर अच्छा लगा कि वह अच्छे रोल की तलाश में हैं। वह एक बेहतरीन इंसान हैं और उन्हें बात करना पसंद है। मेरी तारीफ करने के लिए करीना कपूर आपका बहुत शुक्रिया। इतने वर्षों बाद मैं वैसा ही दिखता हूं। भगवान आपको और आपके परिवार को सुखी रखे। आपको प्यार और आपके लिए दुआएं।'

# 'शक्तिमान' के लिए मुकेश खन्ना ने रणवीर सिंह को कहा था 'ना'

मुकेश खन्ना ने फिल्म 'शक्तिमान' के लिए रणवीर सिंह को मना कर दिया था, हालांकि अब उनकी फिल्म 'धुरंधर' की कामयाबी के बाद उनकी तारीफ की है। अभिनेता मुकेश खन्ना ने 'धुरंधर' के बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन



प्रदर्शन करने पर तारीफ की है। उन्होंने 'धुरंधर' को परफेक्ट फिल्म बताया है। उन्होंने फिल्म के कलाकारों रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना की भी तारीफ की है। आइए जानते हैं अभिनेता ने फिल्म के बारे में और क्या कहा है? मुकेश खन्ना ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा 'यह परफेक्ट और कमर्शियल फिल्म है, जो जनता को पसंद आएगी। हर डिपार्टमेंट ने अपना बेस्ट काम किया है, चाहे वह अभिनय हो, निर्देश हो, एक्शन हो, सिनेमैटोग्राफी हो या लेखन हो। सबने अपना बेस्ट दिया है, इसलिए आप इस फिल्म को हर तरह से 'धुरंधर' कह सकते हैं।'

### मुकेश खन्ना ने की रणवीर सिंह की तारीफ

रणवीर सिंह की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा 'हां, मैं इस फिल्म 'धुरंधर' के हीरो रणवीर सिंह की तारीफ करना चाहूंगा। आप कहेंगे, 'आपने उन्हें शक्तिमान का रोल नहीं करने दिया'। हो सकता है मैंने उन्हें शक्तिमान का रोल देने से मना किया हो, लेकिन वह एक अच्छे एक्टर हैं। मैं यह हमेशा कहता हूं।' ख्याल रहे मुकेश खन्ना बॉलीवुड फिल्मों में अपनी बेहतरीन अदाकारी के साथ टीवी सीरियल 'शक्तिमान' से काफी मशहूर हुए।



### शेफाली शाह ने सुनाई वेकेशन की दास्तां

# शिफॉन साड़ियां यशराज फिल्म में ही अच्छी लगती हैं

अभिनेत्री शेफाली शाह इन दिनों परिवार के साथ विदेश में छुट्टियां मना रही हैं। शेफाली ने मजाकिया अंदाज में बताया कि ठंड के मौसम में उन्हें मजेदार अनुभव और सबक मिले। शेफाली ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट कीं और साथ में मजेदार अंदाज में छुट्टियों के बारे में भी बताया। शेफाली ने लिखा, 'पहले मैं ठंड में जम गई थी, अब पिघल रही हूं। ठंड में प्यार नहीं, बल्कि थर्मल कपड़े ही गर्म रखते हैं। पुराने थर्मल का साथ कभी न छोड़ें और हां, बर्फ पर गिरने का खतरा ज्यादा होता है। आप ठंड के समय में छुट्टियों पर निकलें और आपके साथ कोई ऐसा शख्स न हो जो दस्ताने, फोन, स्कार्फ संभाल सके, तो मुश्किल और भी बढ़ जाती है।' शेफाली शाह ने यशराज फिल्म्स का जिक्र करते हुए आगे कहा, 'शिफॉन साड़ियां तो यशराज फिल्मों में अच्छी लगती हैं, रियल लाइफ में नहीं, क्योंकि ठंड में उंगलियां जाती हैं। ठंड को हल्के में न लें। यहां कम-ज्यादा नहीं, बल्कि ज्यादा लेयरिंग करें। हो सके तो जैकेट के नीचे 64 थर्मल लेयर पहन लें। जो लोग सर्दी के कपड़ों में स्टाइलिश दिखते हैं, वो शेफाली तो पक्का नहीं हो सकते हैं। अच्छे कपड़े या गर्म रहकर जिंदा रहना, मैंने दूसरे का चुनाव किया। स्नो पैंट स्टाइल के लिए नहीं, बल्कि गीला होने से बचाने के लिए होते हैं, इसलिए जरूर पहनें। एक आउटफिट तैयार करने में तीन घंटे लग जाते हैं - लेयरिंग, जूते के फीते बांधना, दस्ताने उतारना-पहनना और आखिर में पता चलना कि अंदर की थर्मल लेयर भूल गए।' एक्ट्रेस ने आगे बताया,' पुराने स्नो शूज न पहनें, नहीं तो 'सोल लेस' हो जाएंगे। हील वाले बूट सेक्सी हैं, लेकिन भद्दे कपड़े पहनकर जिंदा रहना बेहतर है। स्टाइलिश कपड़ों में ठंड से बचाव नहीं हो सकता। '

# उर्मिला मातोंडकर ने छोड़ी एक्टिंग?

### 51 साल की अभिनेत्री ने अफवाहों पर दिया रिएक्शन



एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर ने 1977 की फिल्म 'कर्म' में एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग डेब्यू किया था। 1991 में, उन्होंने 'नरसिम्हा' से लीड रोल में डेब्यू किया। इसके बाद वह 'रंगीला', 'जुदाई', 'कौन', 'भूत' और 'पिंजर' जैसी फिल्मों में नजर आईं। हालांकि, वह कई वर्षों से स्क्रीन से दूर हैं, जिससे दर्शकों को लगता है कि उन्होंने शायद फिल्म इंडस्ट्री छोड़ दी है। फिल्म से दूरी बनाने की अफवाहों पर उर्मिला ने अपनी बात रखी है। फिल्मों से दूरी बनाने की अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए उर्मिला मातोंडकर ने एचटी से कहा, 'जब मेरे काम की बात आती है, तो मैं हमेशा सेलेक्टिव रही हूं। अगर किसी को लगा कि शायद मैं फिल्में नहीं कर रही हूं या कुछ और, तो मैं किसी को दोष नहीं दे सकती। हालांकि ऐसा कभी नहीं था। मैं इस समय सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।'

### ओटीटी पर काम करना चाहती हैं उर्मिला

उर्मिला ने यह भी बताया कि वह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू कर रही हैं। उन्होंने कहा 'अब सेट पर वापस जाने और फिर से धमाल मचाने का समय आ गया है।' उर्मिला ने बताया कि वह किस तरह के रोल करना चाहती हैं, 'मैं ऐसे रोल ढूंढ रही हूं जो मैंने पहले नहीं किए हैं, खासकर ओटीटी पर।



# बिना आरडीएक्स के वेलकम अधूरी

### फिल्म के 18 साल पूरे होने पर अनिल कपूर ने किया फिरोज को याद

**बॉलीवुड** की यादगार कॉमेडी फिल्मों में शामिल 'वेलकम' जैसी फिल्म को आज तक याद किया जाता है। मल्टीस्टार कास्ट से सजी इस फिल्म की खासियत यह रही कि हर किरदार ने अपनी अलग पहचान बनाई और अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों में जगह बना ली। चाहे 'मेरी एक टांग नकली है, मैं हॉकी का बहुत बड़ा खिलाड़ी था' जैसे डायलॉग से हंसी बटोरने वाले मुश्ताक खान हों या फिर 'देखो वो जिंदा है' कहकर याद रह जाने वाली सुप्रिया कार्निक, फिल्म का हर किरदार आज भी लोगों को याद है। अब जब इस कॉमेडी क्लासिक के 18 साल पूरे हो चुके हैं, तो अभिनेता अनिल कपूर ने फिल्म से जुड़े अपने पुराने साथी और दिवंगत अभिनेता-निर्माता फिरोज खान को याद करते हुए उनसे जुड़ी यादों को साझा किया है। वेलकम फिल्म के 18 साल होने पर अनिल कपूर ने फिल्म से जुड़ी पुरानी यादों को ताजा किया है और फिल्म के सुपरहिट होने का श्रेय भी दिवंगत फिरोज खान को दिया है। अभिनेता ने फिल्म की पुरानी फोटोज को शेयर कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'वेलकम के 8 साल। यह फिरोज खान साहब के लिए है। आरडीएक्स के बिना 'वेलकम' अधूरी थी, ठीक वैसे ही जैसे मोगैम्बो के बिना 'मिस्टर इंडिया' अधूरा थी। दोनों की जगह कोई नहीं ले सकता। उन्होंने आगे लिखा, 'मुझे स्क्रिप्ट सुनते समय याद है, मैं सोच रहा था कि यह कैसी बनेगी। पिक्चर यहीं रुक जाती है, बैठ जाती है। अनीस भाई ने कहा, 'चिंता मत करो, फिरोज साहब पिक्चर संभाल लेंगे,' और उन्होंने ऐसा ही किया। आरडीएक्स ने फिल्म को ऊपर उठा दिया।

साभार एजेंसी

## गौशाला से अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** ग्राम पंचायत मकरेड़ी के ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर खान का अवैध मलबा व सतकुड़िया गौशाला से अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग की।ज्ञापन में आरोप लगाया कि अशोक सेन व कमलेश सेन की ओर से अपनी खान का अवैध मलबा डालकर गौशाला की जगह पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा हैं। साथ ही गौशाला में बनी हुई पानी की खेळ को भी तोड़कर ध्वस्त कर दिया है जिससे गायों के पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो गया हैं।

## फॉलोअप शिविर में आमजन को मिला त्वरित समाधान




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** पंचायत समिति सभागार में ग्राम पंचायत भोपतपुरा, लक्ष्मीखेड़ा व माल का खेड़ा के लिए उपखंड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में ग्रामीण फॉलोअप शिविर का आयोजन हुआ। राजस्व अभिलेखों में नाम शुद्धिकरण के लिए प्राप्त प्रार्थना-पत्र पर भटखेड़ी निवासी लाड कवंर के स्थान पर गुड्डी कंवर दर्ज किया गया। किशनपुरियां स्थित खातेदारी भूमि में गोपाल पुत्र काना व नाथू पुत्र काना निवासी फतहपुर की ओर से प्रस्तुत बंटवारे के आवेदन पर आपसी सहमति से बंटवारा किया गया। भोपतपुरा स्थित खातेदारी भूमि के बंटवारे से संबंधित प्रकरण का निस्तारण करते हुए काली पत्नी श्यामलाल बंजारा, काली पत्नी जगदीश बंजारा के नाम पर बंटवारा किया गया।

## एक दिवसीय फैशन डिजाइन कार्यशाला



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में हुनर शक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में धौलपुर खादी ग्रामोद्योग समिति परिसर में एक दिवसीय फैशन डिजाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गढ़ी चटोला के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया कार्यक्रम में संस्था सचिव नीरज झा ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में नवीन तकनीकों, रचनात्मकता व स्वरोजगार की संभावनाओं से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों की ओर से फैशन डिजाइन से जुड़ी बुनियादी जानकारी, कपड़ों के डिज़ाइन, रंग संयोजन तथा खादी उत्पादों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में कुल 105 विद्यार्थियों ने सहभागिता कर लाभ प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने कार्यशाला को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में कौशल विकास के प्रति रुचि जागृत हुई तथा भविष्य में इस क्षेत्र में करियर बनाने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रमुख प्रशांत शर्मा ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम में संस्था से विनोद चौहान खादी ग्रामोद्योग से महेश शर्मा शैलेन्द्र परमार विद्यालय से प्रभा शर्मा उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी रामभरोसी पर 10 हजार रूपए का इनाम घोषित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में पिछले दिनों जिले में एक नाबालिग के साथ हुई दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी की तलाश में विभिन्न पुलिस टीमें निरतंर उसके संभावित ठिकानों पर दबिशें दे रही है। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने फरार आरोपी रामभरोसी उर्फ राजेन्द्र सिसोदिया पुत्र जनक सिंह ठाकुर उम्र 58 साल निवासी सामौर थाना दिहौली हाल पोखरापुरा आईटीआई के सामने धौलपुर की गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपये की इनाम राशि घोषित की है।

## अरावली को लेकर पीएम मोदी को लिखा पत्र

**बिजौलियां(निस)।** ऊपरमाल पर्यावरण समिति बिजौलियां के उपाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अरावली पर्वत श्रृंखला के बारे में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से किए गए फैसले के संदर्भ में पत्र लिख कर बताया कि अरावली पर्वतमाला राष्ट्रीय धरोहर हैं। इन पर्वतमालाओं के आसपास हजारों गांव बसे हुए हैं। जिनका मुख्य व्यवसाय कृषि व पशुपालन हैं। यह सारे गांव नष्ट हो जाएंगे और इस फैसले से सबसे ज्यादा नुकसान राजस्थान को होगा। यदि इस फैसले को नहीं बदला गया तो भविष्य में राजस्थान पूर्ण रूप से रेगिस्तान में तब्दील हो सर्वोच्च न्यायालय का फैसला इन पर्वत श्रृंखलाओं को समाप्त करने का प्रथम चरण हैं। क्योंकि वर्तमान समय में अवैध खनन सरकारों के लिए बहुत बड़ी समस्या हैं। शर्मा ने मांग की हैं कि सर्वोच्च न्यायालय की ओर से दिए गए फैसले पर पुनर्विचार किया जाना आवश्यक हैं।

# रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण: प्रशिक्षण पत्र देकर किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर/ राजाखेडा(निस)।** राजकीय महाविद्यालय डोगरपुर राजाखेड़ा में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र के अंतर्गत प्रथम प्रशिक्षण शिविर में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय डोगरपुर राजाखेड़ा में महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सीखने और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए इस शिविर का आयोजन 24 दिवसों किया गया था। इस शहर में विभिन्न विषय विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ, व शारीरिक प्रशिक्षको की ओर से महिलाओं को प्रशिक्षण दिलवाकर शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ रचना मेहता, प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय मरेना रही। रचना ने प्रतिभागियों की ओर से दिखाए गए कौशल व साहस की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में हर कठिनाई का सामना दृढ़ता से करने का संदेश दिया। रचना ने राजकीय महाविद्यालय को प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न करने पर बधाई देते हुए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मार्गदर्शन राजकीय महाविद्यालय राजाखेड़ा के प्राचार्य महोदय डॉक्टर अनुज कुमार का रहा जिन्होंने सभी छात्राओं के हौसले की प्रशंसा करते हुए अधिकाधिक प्रतिभागियों को इस केंद्र से जुड़कर लाभान्वित होने का संदेश दिया। प्राचार्य महोदय ने बताया की रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से केवल महिलाएं नहीं अपितु प्रत्येक भारतीय साहस, वीरता व त्याग की प्रेरणा ले सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र संयोजक सहायक आचार्य पीयूष जांगिड़ ने की। संयोजक पीयूष जांगिड़ ने बताया कि महावि?द्यालय में आगामी प्रशिक्षण शिविर का पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है जिसका शुभारंभ अगले सप्ताह से किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों में साहस निष्ठा व आत्मविश्वास की छलक साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में सहायक आचार्य मान सिंह मीणा, सहायक आचार्य होशांग पांचाल, सहायक आचार्य रामकरण रावत, सहायक आचार्य दीपक सिसोदिया नवीन धाकरे, चंद्रशेखर, सुनील, बादाम सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

## धौलपुर कलेक्ट्रेट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी ने सनसनी फैला दी। कार्यालय जिला कलक्टर धौलपुर की ई मेल आईडी पर धौलपुर कलेक्ट्रेट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मिल के मिलने के बाद जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रियता से कुछ ही मिनटों में कलेक्ट्रेट परिसर को खाली करवा दिया एवं सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्ट्रेट से सटे पुलिस अधीक्षक कार्यालय को भी खाली कराया गया। तत्काल ऐतिहातन तौर पर जिला विशेष शाखा की टीम की ओर से सुरक्षा उपकरणों से कलेक्ट्रेट परिसर की जांच पड़ताल की गई व स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भरतपुर से एक डॉग स्क्वायड टीम को जांच के लिए बुलाया गया है इसके अलावा एटीएस की टीम और बम निरोधक दस्ता भी धौलपुर पहुंचे जहाँ कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा उपकरणों से बारीकी से जांच की गई लेकिन कलेक्ट्रेट परिसर एवं कार्यालय पुलिस अधीक्षक में कोई भी विस्फोटक, अवांछनीय या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली धौलपुर में प्रकरण दर्ज कर धमकी भरे ई मिल के सोर्स और उसके भेजने वाले व्यक्ति के सम्बन्ध में गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है, विभिन्न टीमों की जांच पड़ताल के बाद कलेक्ट्रेट परिसर धौलपुर पूरी तरह से सुरक्षित है। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को भी कड़ा किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने स्वयं मामले की पूरी मॉनिटरिंग की। इस दौरान वृताधिकारी वृत्त धौलपुर कृष्ण राज जांगिड, वृताधिकारी वृत्त एससी-एसटी सेल धौलपुर रामधन, थानाधिकारी थाना, कोतवाली, निहालगंज व सदर के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहें।

## जिला स्तरीय युवा महोत्सव आज से

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को नगर परिषद ऑडीटोरियम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। आयोजन को लेकर प्रतियोगिता में पंजीकरण कराने वाले समस्त प्रतिभागी 24 दिसंबर तक प्रातः 9 से 10 बजे तक प्रतियोगिता स्थल पहुंचकर अपना पंजीकरण कराएंगे। युवा महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर महाराणा में उक्त कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्विति के लिए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश मंगल के दिशा निर्देश में कार्यक्रम की नोडल अधिकारी व सचिव सुक्खो देवी रावत, एडीपीसी जितेंद्र जादौन की अध्यक्षता में व्यवस्था में लगाए गए सभी प्रभारी व कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में युवा महोत्सव के आयोजन की व्यवस्थाओं में लगे कार्मिकों व निर्णायकों को निर्देशों की शत प्रतिशत पालना से अवगत कराया गया। डीईईओ धौलपुर सुक्खो देवी रावत ने युवा महोत्सव में भाग लेने वाले सभी संभागीय से ये अपील की है कि वे अपने पंजीकरण की हार्डकॉपी, आयु संबंधी प्रमाण पत्र के रूप में माध्यमिक कक्षा की अंक तालिका, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड आदि लेकर आएं। बैठक में एडीपीसी जितेंद्र जादौन, डीईओ प्राथमिक शिक्षा रामेश्वर दयाल बंसल,अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी रमाकांत शर्मा एवं नीरू जैन एवं पप्पू सिंह सिकरवार ने कार्यक्रम के प्रत्येक बिंदु पर प्रकाश डाला। नोडल अधिकारी सुक्खो देवी रावत ने कार्यक्रम की प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी को उनके दायित्व व निष्ठा से कार्य करने लिए आव्हान किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एडीपीसी ने जिला शिक्षा विभाग की टीम को भावनात्मक रूप से कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के आव्हान किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संस्थापन अधिकारी अशोक उपाध्याय ने कार्यक्रम के प्रभावी आयोजन के लिए अपने अनुभव साझा किए। बैठक में प्राचार्य वेदप्रकाश कर्दम, ओमवीर शर्मा, संजीव बघेला,उप प्राचार्य भगवान सिंह मीना, बिनीता शर्मा, दिलीप जैन, व्याख्याता अजय शर्मा,वरिष्ठ अध्यापक राजेन्द्र यादव,अजय शर्मा, अंजनी पचौरी सहित प्रशासनिक अधिकारी अशोक उपाध्याय, गोपाल अवस्थी, भूपेश शर्मा, ज्ञानेश त्यागी, धर्मेन्द्र सिकरवार, मनोज राठौड़, हिमांशु महावर मौजूद रहे।

## शातिर चोर गिरफ्तार, माल बरामद

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा आरपीएस के पर्यवेक्षण, वृताधिकारी वृत शहर धौलपुर कृष्णराज जांगिड आरपीएस के सुपरविजन में सदर थानाधिकारी महेश मीणा उप निरीक्षक के नेतृत्व में थाना सदर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिरों की मदद से चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर अनिल पुत्र हरीदेव लोधा 29 साल निवासी भूरापुरा निधेरा कला पोस्ट कौलारी थाना कौलारी जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया है आरोपी ने 2 दिसम्बर 2025 को प्रबल बिहार कॉलोनी मित्तल फैक्ट्री के पीछे इलाका थाना सदर धौलपुर से चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिस पर प्रकरण धारा आईपीसी में दर्ज किया गया था। उक्त मुल्जिम के कब्जे से चोरी गया सामान दो मोबाइल फोन एक जोडी तोडिया, 14 नग बिछुआ चांदी को बरामद किया जा चुका है। घटना 3 दिसम्बर 2025 को राजवीर पुत्र कन्हैया कुशवाह उम्र 35 साल निवासी परमल विहार कॉलोनी थाना सदर धौलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैं अपने परिवार सहित खाना पीना खा पीकर अपने परिवार सहित सो गया। तभी रात्रि में 2 दिसम्बर 2025 को समय करीब रात एक-दो बजे के बीच चोर मेरे घर में चोरी के इरादे से घुस आया। जिसने मेरे घर का ताला तोड़कर मेरे घर के कमरे से मेरे सामान का बक्सा का ताला तोड़ कर एक कन्दोनी, तोड़िया करीब 500 ग्राम बजनी व मंगलसूत्र जो करीब एक तोला बजनी दो मोबाइल फोन एक ओपो फोन में बोडाफोन की सिम, दस हजार रुपये मेरे बाबा की झोपड़ी से व चार साड़ी चुराकर ले गये। जिस पर मुकदमा धारा बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान जारी था।

## धौलपुर में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** सुशासन सप्ताह के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले में सुशासन स्थापित करने के लिए आवश्यक चर्चा की गई और विभागों की ओर से तैयार किए जाने वाले विजन दस्तावेज 2047 पर भी विचार-विमर्श किया गया।

कार्यशाला में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जिले में सुशासन स्थापित करने के लिए हमें अपनी ड्यूटी का अच्छी तरह पता होना चाहिए तथा सेवाओं की डिलीवरी इस प्रकार होनी चाहिए कि समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने सुशासन स्थापित करने के लिए पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, जवाबदेही, लोक सेवकों द्वारा भागीदारी, स्वाभाविक कार्य, निष्पक्षता तथा हितधारकों को साथ लेकर चलने की नेतृत्व क्षमता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तभी सुशासन स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी कार्य के प्रति पूर्वाग्रही होकर कार्य न करें। सेवा के दौरान अहंकार न रखें तथा आमजन की समस्याओं को बैठकर सुनें तथा उनका निस्तारण करें। आमजन के प्रति अच्छा व्यवहार रखें तथा उनकी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का प्रयास करते हुए अच्छा रिस्पॉन्स दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन को लगातार नवाचार करते रहना चाहिए तथा जन भावनाओं का ख्याल रखते हुए नेतृत्व की भावना विकसित करनी चाहिए, जिसमें अहंकार का कोई स्थान न हो। सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग बंशीधर योगी ने कहा कि सुशासन सप्ताह के तहत 19 से 25 दिसंबर 2025 तक प्रशासन गांवों की ओर अभियान के अंतर्गत सभी भू-अभिलेख कार्यालयों पर शिविरों का आयोजन कर आमजन की समस्याओं का निरंतर समाधान किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों से जिले के विजन दस्तावेज 2047 पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सहायक निदेशक जनसंपर्क राजकुमार मीणा, मुख्य आयोजना अधिकारी भरत राव, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. समरवीर सिंह, सीबीईओ महेश मंगल ने भी सुशासन सप्ताह कार्यशाला में अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर सम्बन्बित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग ने चलाया समझाइश अभियान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर की ओर से जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के दिशा निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभाग की ओर से समझाइश अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि व्यापक स्तर पर समझाइश अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें स्कूलों में जाकर बच्चों के बीच गुड सेमीरिटर्न की जानकारी दी जा रही है। वहीं कोहरे से बचाव के लिए वाहन चालकों के साथ समझाइश की जा रही है। इसके अलावा विभाग की ओर से लगातार रिफ्लेक्टर लगाई जा रहे हैं और लोगों के बीच पंपलेट बांट कर उन्हें यातायात नियमों के प्रति सजग करने का काम किया जा रहा है। मंगलवार को विभाग की ओर से सागरपाड़ा, मुचकुड़ चौराहा, हरदेव नगर व गौरव पथ पर समझाइश अभियान चलाया गया। इसके अलावा राजकीय महात्मा गांधी सिटी कोतवाली विद्यालय में जागरूकता अभियान के तहत् स्कूल के विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य रमा परमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को सरकार की नई-नई योजनाओं के बारे में जानकारी होती है। परिवहन विभाग की ओर से विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में जो जानकारी दी गई है वह उनके भविष्य में बहुत काम आएगी। इस प्रकार के आयोजन नियमित तौर पर होते रहने चाहिए। परिवहन निरीक्षक शैलेंद्र वर्मा ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर परिवहन विभाग की ओर से ब्राउज़र का विमोचन विद्यालय प्रबंधन के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर वर्ष शारीरिक शिक्षक अजय बघेल, न्याय दर्शन संस्था के सचिव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विभाग की ओर से रिफ्लेक्ट अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमें परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत व शैलेंद्र वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### भक्त की पीड़ा साक्षात भगवान हर लेते हैं: योगेश कृष्ण महाराज

**धौलपुर(निस)।** पैलेस रोड स्थित श्री राधा बिहारी मंदिर में समस्त भक्त मंडल व श्री किशोरी कृपा सेवा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से कथा प्रवक्ता योगेश कृष्ण महाराज ने श्रीमद् भागवत के 18,000 श्लोकों की महिमा पर प्रकाश डाला। कथा के दौरान महाराज श्री ने अश्वत्थामा की ओर से द्रौपदी के पांच पुत्रों की हत्या के मर्मस्पर्शी प्रसंग का वर्णन किया।


प्रारूप-5
(नियम - 6 ) (2) देखिए

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक (जयपुर)**

क्रमांक:-नपासां/2025-26/2294 दिनांक: 23/12/25

-: लोकसूचना :-

पालिका कार्यालय में निम्न आवेदकों द्वारा नीचे वर्णित भूमि में के अपने अधिकार आवासीय के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| नगर पालिका का नाम | आवेदक का नाम व पता | भूखण्ड का विवरण | क्षेत्रफल (वर्गगज में) |
|---|---|---|---|
| सांभर लेक | श्री टोपन सैनी, श्री चेतनप्रकाश सैनी 'पुत्रान् सीताराम निवासी- पुराना किला, सांभर लेक । | पुराना किला, सांभर लेक | 242.83 वर्गगज |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि मे के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप हैं तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

**प्राधिकृति अधिकारी**
**नगर पालिका सांभर लेक**



**कार्यालय,नगरपालिका पावटा प्रागपुरा (कोटपूतली-बहरोड़)**

नवोदय स्कुल के पास पावटा-303106, राज0

फोन : 01421-294619 Email.Id- Nagarpalikapaotapragpura@gmail.com

क्रमांक न.पा.पाव. प्रा./2025-26/भूमिं/1017 दिनांक 23/12/25

आपत्ती आमंत्रण सूचना

निम्न आवेदक ने नगरपालिका कार्यालय में 69-क/स्टेट ग्रांट / कृषि भूमि नियमन पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है, उक्त पत्रावली में किसी को कोई आपत्ती हो तो 07 कार्य दिवस में नगरपालिका कार्यालय में आपत्ती प्रस्तुत करें अन्यथा पत्रावली में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

| क्रं.सं | आवेदक का नाम व पता | खसरा संख्या | राजस्व ग्राम | क्षेत्रफल (वर्गगज / वर्गमीटर) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अरूण कुमार मोदी पुत्र श्री गोविन्दशरण मोदी | 1779 | पावटा | 276.00 | आवासीय |
| 2 | श्री त्रिलोकी नाथ मोदी पुत्र श्री गोविन्दशरण मोदी | 1779 | पावटा | 276.00 | आवासीय |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा**


## निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 350 मरीजों की जांच

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के बाडी की स्वयंसेवी संस्था अग्रवाल फाउंडेशन की ओर से द्वारिका प्रसाद गोयल की पांचवीं पुण्यतिथि पर शहर के निजी मैरिज होम शंभू रिसोर्ट में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर रतन ज्योति चैरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट ग्वालियर डॉक्टर भसीन संचालित चिकित्सा की टीम की ओर से किया गया जिसमें लगभग 350 मरीज मोतियाबिंद परीक्षण कराने आए जिसमें से डॉक्टर विनोद भदौरिया व उनकी टीम ने 101 मरीज को चिन्हित कर ग्वालियर रतन ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल में भेज दिया है। कार्यक्रम की शुरुआत द्वारिका प्रसाद गोयल के चित्र पर उनके सुपुत्र अशोक गोयल, राकेश गोयल, डॉक्टर मोहन गोयल एवं मंचासीन अतिथि, फाउंडेशन के सदस्य ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंचासीन अतिथियों में बाड़ी शहर के कोतवाल देवेंद्र कुमार शर्मा, धौलपुर जिला महासमिति अध्यक्ष ऋषि मित्तल, महिला जिला अध्यक्ष सरोज मंगल, एस के मंगल, उद्योगपति गोपाल दास गोयल, फाउंडेशन अध्यक्ष अशोक गोयल, चक्रपान पंडित मंचासीन रहे। अतिथियों का समिति सदस्य ने स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन फाउंडेशन महामंत्री विपिन गर्ग व अंशुल गर्ग ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान बाड़ी अग्रवाल समाज उपाध्यक्ष रामकुमार गर्ग महामंत्री हरिशंकर मंगल, जिला महासचिव कांग्रेस रोशनी शिवहरे, नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा वंदना शिवहरे, वरिष्ठ समाजसेवी विष्णु महेरे जितेंद्र शर्मा, सुजीत लहचोरिया, धौलपुर शिक्षा समिति सदस्य महेश मंगल, राकेश गर्ग, विनोद जिंदल, सैफ सईद सहित लोगों के साथ अग्रवाल फाउंडेशन के सभी सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## बांग्लादेश में हिन्दू परिवार की सुरक्षा को लेकर ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** सनातन सेवा न्यास राजस्थान के राजलदेसर ईकाई की ओर से बांग्लादेश में हिन्दूओं की लक्षित हत्या तथा स्वर्गीय दीपू चन्द्र दास की नृशंस हत्या के विरुद्ध तत्काल निर्णायक हस्तक्षेप की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया की बांग्लादेश में कट्टरप थी। बांग्लादेश में हिंसा खुली चुनौती बन चुकी है। हिन्दू धार्मिक स्थल पर लगातार हमले किए जा रहे इससे हिन्दू की आस्था व अस्तित्व मिटाने का प्रयास हो रहा है। दीपू चन्द्र दास की हत्या अमानवीयता की सारी सीमाएं तोड़ दी। पुलिस कस्टडि में थे फिर भी जबरन बाहर निकाला गया कट्टरपंथी भीड़ ने उनकी हत्या कर दी। बांग्लादेश में हिन्दू न तो घर में सुरक्षित है न ही कानून के संरक्षण में जिसे सम्पुण हिन्दू समाज भयभीत हैं। हमारी मांग है बांग्लादेश सरकार पर कठोर दबाव बनाकर हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करवाई जाए, दोषियों को दंड मिले। ज्ञापन में तहसील अध्यक्ष खेमराज पारीक, नगर अध्यक्ष किशोरीलाल प्रजापत, पुर्व चेयरमैन गोपाल मारु,पार्षद धनपत शर्मा, पार्षद कुलदीप स्वामी, मुकेश मारू, इन्द्रचन्द देवड़ा, प्रकाश भार्गव,राजेश भार्गव, पार्षद कपिल पारीक, रामलाल खटीक,नानूराम ढोली, हनुमान स्वामी, राजेश गर्ग, धर्मेंद्र सिंह राजवी एडवोकेट सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती मनाई



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राष्ट्रीय लोकदल की ओर से सर्व समाज के लोगों को साथ लेते हुए मारुति मंगल गैस एजेंसी के के पास भूतपूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती मनाई गई। मुख्य वक्ता, इलियास खां-प्रदेश अध्यक्ष अल्प संख्यक विभाग, राष्ट्रीय लोकदल ने कहा कि सर्व समाज के किसानों को देश भर में उनके हक दिलवाने में चौधरी चरण सिंह ने एतिहासिक काम किया, जिनके फायदे आज भी किसान परिवारों को मिल रहे हैं। कार्यक्रम में भंवरलाल गहलोत-शहर ब्लॉक अध्यक्ष आर एल डी सुजानगढ़, श्रीराम भामा, राजेश बेंगानी, मनोज शर्मा, हाकम अली अगवान, हीरालाल शर्मा, सलीम खां मोयल, नब्बू खां, मो. अली तगाला, बाल किशन बागवान, तरुण सिंह, जितेन्द्र सिंह राठौड़, सुरेश चोहान, दिनेश सिंह गोठवाल, सवाई सिंह, नेम सिंह, कमल चौहान, राहुल सेन आदि शामिल हुए।

## गोविंदपुरा की टीपीएस स्कूल में आयुर्वेद की संगोष्ठी आयोजित



जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** ग्राम पंचायत गोविंदपुरा की टीपीएस स्कूल में आयुर्वेद के बारे में राजकीय आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर डॉ. धर्मेंद्र लाटा ने जानकारियां दी। डॉ. धर्मेंद्र लाटा ने दैनिक दिनचर्या में स्वास्थ्य संबंधित ध्यान देने वाली महत्वपूर्ण गतिविधियों के बारे में बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद के मूल सिद्धांत, जीवन शैली, खानपान और आसपास के वातावरण के अनुसार बदलाव करके स्वस्थ रहने के तरीकों के बारे में अवगत कराया। संस्था के संचालक मनोज शर्मा और प्रधानाध्यापक सीताराम वर्मा ने बताया कि आयुर्वेद की ये जानकारियां महत्वपूर्ण कदम है जो छात्रों को कम उम्र से ही प्राकृतिक स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में शिक्षित करेगी। इस दौरान संस्था के मदन लाल, इंद्रजीत वर्मा, भंवर लाल वर्मा, महेंद्र सिंह, मंजू सोनी, ललिता शर्मा, सुनीता शर्मा, अंजूमुवाल, किरण वर्मा, सुनीता वर्मा आदि अध्यापक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## कोहरे से आम जन-जीवन प्रभावित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ क्षेत्र में सर्दी की इस बार की सीजन का पहला कोहरा छाया। अलसुबह से ही वाहनों की रफ्तार धीमी रही। वाहन चालक दिन में ही हेडलाइट जलाकर चलते हुए नजर आए। करीब साढ़े 11 बजे धूप आई। किसान सभा के अध्यक्ष तेजपाल गोदारा ने बताया कि कोहरे से सिंचित क्षेत्र की फसलों को नई जान मिलेगी। ज्ञात रहे कि सुजानगढ़ में इस साल ज्यादा बारिश के कारण सर्दी का मौसम काफी देरी से आ रहा है।

# सुशासन, विकास और विश्वास की जीवंत झलक है जिला विकास पुस्तिका : जोगाराम पटेल

### जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने किया जिला विकास पुस्तिका का विमोचन

### मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ जिला विकास पुस्तिका का विमोचन समारोह




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जयपुर जिले की जिला विकास पुस्तिका के विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, जयपुर द्वारा प्रकाशित जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कहा कि 'बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' केवल एक नारा नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति, सुशासन की सोच और जनकल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। यह पुस्तिका सरकार की विकास यात्रा, उपलब्धियों और जनहितकारी निर्णयों का समग्र दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि जयपुर जिला प्रशासन ने भी सुशासन की दिशा में नवाचारों के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य किए हैं। रास्ता खोलो अभियान, नरेगा आखर अभियान और बिटिया गौरव पेटी अभियान जैसे अभिनव प्रयासों ने आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ये पहलें प्रशासन की संवेदनशीलता, जवाबदेही और जन-भागीदारी की भावना को दर्शाती हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में राजस्थान ने विकास की नई गति, विश्वसनीय शासन व्यवस्था और सशक्त जनभागीदारी के साथ अपनी एक नई पहचान बनाई है। किसान, युवा, महिला, श्रमिक और उद्यमी—समाज का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं रहा जिसकी आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर सरकार ने ठोस और परिणामोन्मुखी निर्णय न लिए हों। आज राजस्थान नव-उत्थान से नव-प्रतिमान की ओर अग्रसर है और विकास के प्रत्येक सूचकांक पर सशक्त एवं समावेशी प्रगति दर्ज कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार के ये दो वर्ष सुशासन, विकास और विश्वास के दो वर्ष रहे हैं, जिन्होंने प्रदेश की दिशा और दशा बदलने की मजबूत नींव रखी है। सरकार का यह कार्यकाल चहुंमुखी विकास और जन-जन के कल्याण को समर्पित रहा है, जिसमें समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का स्पष्ट संकल्प दिखाई देता है। जोगाराम पटेल ने कहा कि पिछले दो वर्षों की उपलब्धियां यह प्रमाणित करती हैं कि राजस्थान सरकार केवल घोषणाओं की नहीं, बल्कि परिणाम देने वाली सरकार है। शासन व्यवस्था विश्वास, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। सरकार का संकल्प है कि विकास की धारा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, किसान आत्मनिर्भर बने, महिलाएं सुरक्षित एवं सशक्त हों, युवा रोजगार से जुड़ें और प्रदेश की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों को छुए। आने वाले वर्षों में भी राजस्थान सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ 'बढ़ते राजस्थान' की विकास यात्रा को और अधिक सशक्त, तीव्र एवं समावेशी बनाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश मूंड, उपनिदेशक जनसंपर्क हेमंत सिंह, सहायक जनसंपर्क अधिकारी नरेन्द्र सिंह शेखावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पाटन पुलिस ने 'लुटेरी दुल्हन' गिरोह का पर्दाफाश, दुल्हन सहित चार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन(निंस.)।** पाटन थाना पुलिस ने शादी के नाम पर ठगी और ब्लैकमेलिंग करने वाले 'लुटेरी दुल्हन' गिरोह का खुलासा करते हुए दुल्हन सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे, जिनकी तलाश पुलिस कर रही थी। यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज एच.जी.आर. सुहास के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक सीकर प्रवीण नायक नुनावत (आईपीएस) के पर्यवेक्षण में की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना लोकेश मीणा व पुलिस उप अधीक्षक वृत्त नीमकाथाना के निर्देशन में थानाधिकारी पाटन पुलिस निरीक्षक रमेश के नेतृत्व में गठित टीम ने 23 दिसंबर को आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### ऐसे हुआ मामले का खुलासा:

पाटन थाना क्षेत्र निवासी परिवादी कृष्ण कुमार यादव ने 21 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके गांव के एक व्यक्ति के माध्यम से दिल्ली में शादी तय कराई गई। शादी कराने के नाम पर 2.50 लाख रुपए की राशि तय हुई, जिसमें से पूरी रकम दे दी गई। इसके बाद 19 दिसंबर को दिल्ली से युवती को पत्नी बताकर गांव लाया गया। कुछ ही दिनों बाद दिल्ली से आए आरोपियों ने युवती को अपनी बेटी व पत्नी बताते हुए परिवादी पर जबरन शादी कराने का आरोप लगाया और 10 लाख रुपए की मांग की। रकम नहीं देने पर अपहरण व दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। इस पर पुलिस ने प्रकरण संख्या 254/2025 दर्ज कर जांच शुरू



की।

### तकनीकी व आसूचना के आधार पर गिरफ्तारी:

पुलिस ने तकनीकी साधनों और आसूचना विश्लेषण के आधार पर टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की और दिल्ली से चारों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी शबाना बेगम (31) पत्नी दिलबर हुसैन, निवासी पश्चिम बंगाल, हाल दरियागंज, दिल्ली, सकीला बानो (50) पत्नी शमशाद अहमद, निवासी दरियागंज, दिल्ली, जैरूद्दीन (53) पुत्र मैनुद्दीन, निवासी आईपी स्टेट, दिल्ली, दिलबर हुसैन (33) पुत्र शौकत अली, निवासी दरियागंज, दिल्ली है। पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। आशंका है कि गिरोह ने इसी तरह की वारदातें अन्य स्थानों पर भी की हो सकती हैं।

## शहरी सेवा शिविर में समस्याओं का मौके पर ही समाधान

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** वर्तमान सरकार के 02 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वायत शासन विभाग के निर्देश पर आयोजित शहरी समस्या शिविर के अंतर्गत 16 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले शिविर के सफल संचालन के संबंध में पालिका परिसर में ही अभियान के तहत् मंगलवार को पालिका परिसर में ही पालिका क्षेत्र के वार्ड नं. 31 से 33 के लिए पालिका के कुन्दन देथा अधिशाषी अधिकारी के निर्देशन में शहरी समस्या शिविर 2025 कैम्प का आयोजन किया गया। पालिका में आयोजित कैम्प में वार्ड 31 से 33 के वासियों की समस्याओं का हल किया गया। कृषि भूमि का 02, 69-क का 2 आवेदन, जन्म के 6, मृत्यु प्रमाण पत्र के 01, प्रधानमंत्री आवास योजना के 07 आवेदनो को प्राप्त किया गया।, पेंशन योजना के 10, जन आधार 20 आवेदन, आधार सीडिंग के 25 आवेदन, स्ट्रीट लाईट 8 साफ-सफाई के 2 आवेदनो का निस्तारण किया गया तथा पी.एम.स्वनिधि के 0 3, तथा मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के 5 जन का नाम आवेदन प्राप्त हुये है। इस दौरान पालिका के फायरमैन हुकुम सिंह, फायरमैन अर्जुन सिंह एसबीएम के दिलीप सोलंकी एमआइएस इंजिनियर, वेद प्रकाश (JTA), चन्दन सिंह बारी, प्रेमरतन नाई, पायल नाई, महेन्द्र कुमार भार्गव, लोकेश शर्मा, जसवन्त कुमार, राजकुमार, मनोज कुमार, महिपाल इस कैम्प में उपस्थित रहे।

## नगरपरिषद के शिविर में 15 लोगों को मिले पट्टे, उमड़ रहे लाभार्थी




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहरी समस्या समाधान शिविर के अन्तर्गत वार्ड नं. 43 से 51 तक का शिविर नगर परिषद कार्यालय के वी.सी. रूम में आयोजित हुआ। जिसमें 15 पट्टा, नवीनीकरण 5, निर्माण स्वीकृति 4, लीज होल्ड से फ्री-होल्ड पटटे 8 की पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। यू.डी. टैक्स के आवेदन 4, कचरा संग्रहण शिकायत 4, जीवीपी 3, नाली मरम्मत 1, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 48, जनआधार संशोधन व अद्यतन 32, एन.एफ.एस.ए. आधार सिडिंग, ई-केवाईसी 35, प्रधानमंत्री स्वनिधि 6, स्ट्रीट लाईट मरम्मत 1 के प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारित किया गया। विद्युत सप्लाई में व्यवधान 02, पेयजल पाईलाईन लिकेज 2 प्रकरण प्राप्त हुए। शिविर में पूर्व सभापति बाबूलाल कुलदीप, पार्षद रिछपाल बिजारणियां, पुरूषोतम शर्मा, रेंवतमल पंवार, पार्षद विजय बटेसर, पार्षद प्रतिनिधि कमल दाधीच, गणेश मंडावरिया, पन्नालाल सोनी ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, सहायक अभियंता सुश्री चारवी, फायरमैन बबीता मीणा, रामनिवास जाट, देविका, कम्प्यूटर ऑपरेटर दिनेश गुर्जर, सोहनलाल मेघवाल, देवेन्द्र दाधीच, प्रीतम फलवाड़िया, दीपक, निकिता, नगर परिषद तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

## तीन सड़क हादसों में 6 लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** तीन अलग अलग सड़क हादसों मे 6 घायल हो गए हैं। पहला सड़क हादसे के तहत सुबह 10 बजे के आसपास लोढ़सर गांव के पास कार अचानक असंतुलित होकर डम्पर से टकरा गई, जिससे नागौर साइड से दिल्ली साइड जा रहे कार सवार दम्पति मंगल चंद सैन, अनीता सैन घायल हो गए। जिनको उधर से गुजर रहे कार चालक ने सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। सूचना पर सुजानगढ़ सदर पुलिस के हेड कांस्टेबल रामसिंह अस्पताल पहुंचे। दूसरी दुर्घटना में निजी एम्बुलेंस और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार तीन युवक घायल हो गए, जिनको उधर से गुजर रहे सुजानगढ़ कोतवाली थाना के एएसआई तेजाराम, गिरधारी लाल, जगदीश जाखड़ आदि पुलिस की गाड़ी से सुजानगढ़ अस्पताल लेकर पहुंचे तथा इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। जानकारी के मुताबिक निजी एम्बुलेंस सुजानगढ़ से मरीज को छोड़ने बीदासर साइड जा रही थी कि अचानक बीदासर साइड से आ रही मोटरसाइकिल से जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमे



मोटरसाइकिल सवार रामेश्वर लाल- साण्डवा, रोहित, निर्मल निवासीगण ऊंटालड़ गंभीर घायल हो गए। सूचना पर सदर पुलिस सुजानगढ़ अस्पताल पहुंची। वही तीसरी सड़क दुर्घटना में मुकेश पुत्र कन्हैया लाल उम्र 28 वर्ष निवासी चाड़वास, छापर चाड़वास के बीच मोटरसाइकिल से स्लिप होकर गिर गया जिससे गंभीर घायल हो गया, जिसे छापर से 108 की ओर से सुजानगढ़ अस्पताल लाक़र इमरजेंसी मे भर्ती कराया गया।

### रीको फायर स्टेशन, प्रमुख सड़कें, हाईमास्ट लाइटिंग व डिवाइडर कार्य

# सरदारशहर क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में नगरपरिषद ने शहर के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक अध्याय जोड़ते हुए करोड़ों रुपए की लागत से तैयार किए गए विकास कार्यों का सोमवार को भव्य लोकार्पण किया। रीको औद्योगिक क्षेत्र में नवनिर्मित अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र फायर स्टेशन परिसर में आयोजित गरिमामय समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने इन जनहितकारी विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र सिंह राठौड़, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में चूरू विधायक हरलाल सहारण, पूर्व




कैबिनेट मंत्री राजकुमार रिणवां, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, पूर्व प्रधान सत्य नारायण सहारण, पूर्व प्रधान भैरोसिंह राजपुरोहित, कृषि उपज मंडी सहकारी समिति अध्यक्ष लालचंद छींरंग, व्यापार एवं उद्योग संघ अध्यक्ष शिवरतन सर्राफ, उद्योग संघ मंत्री बनवारीलाल जांगिड़, रीको चूरू से यशवंत सिंह, पार्षद रामावतार जांगिड़, सत्यनारायण जांगिड़ सहित नगरपरिषद के पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, उद्योग जगत से जुड़े लोग व बड़ी संख्या में शहर के नागरिक उपस्थित रहे। लोकार्पण समारोह के दौरान नगरपरिषद की ओर से कराए गए जिन प्रमुख विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया उनमें रीको औद्योगिक क्षेत्र में नवनिर्मित अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र फायर स्टेशन, आशापूर्ण बालाजी मंदिर से राजवाला कुआं कर्वा पार्क तक नवीन सड़क निर्माण, सूर्य मंदिर से पांच भाई चौक तक सड़क विकास कार्य, हाईमास्ट लाइटिंग व डिवाइडर निर्माण प्रमुख रूप से शामिल हैं। ये सभी विकास कार्य शहर की व्यवस्था, यातायात सुधार और शहरी सौंदर्यीकरण को नई मजबूती प्रदान करेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि राजेंद्रसिंह राठौड़ ने कहा कि नगरपरिषद की ओर से कराए जा रहे विकास कार्य यह दर्शाते हैं कि शहर निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि रीको औद्योगिक क्षेत्र में फायर स्टेशन की स्थापना से औद्योगिक इकाइयों के साथ-साथ पूरे शहर को आपातकालीन सेवाओं में त्वरित प्रभावी सुविधा मिलेगी। जिससे आगजनी व अन्य आपदाओं के समय जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने नगरपरिषद के विकासात्मक दृष्टिकोण और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत आधारभूत ढांचा ही किसी भी शहर के उज्ज्वल भविष्य की नींव होता है। सभापति राजकरण चौधरी ने कहा कि नगरपरिषद आमजन की मूलभूत आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सड़क, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद का संकल्प है कि सरदारशहर को एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जाए तथा आने वाले समय में भी जनहित से जुड़े और अधिक विकास कार्य धरातल पर उतारे जाएंगे। समारोह के अंत में नगरपरिषद की ओर से सभी अतिथियों का साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
24 दिसम्बर, 2025

## फरार गोवंश तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**जाजोद(निस)।** जाजोद थाना पुलिस ने 13 माह से फरार चल रहे गोवंश तस्करी के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। जाजोद थानाधिकारी गिरधारी लाल ने बताया कि परिवादी श्री 1008 महन्तओंकार दास ने रिपोर्ट दी जिसमें बताया कि 9 नवंबर 2024 की रात्रि को करीब 10 बजे ग्राम विजयपुरा से श्रीमाधोपुर रोड पर आसपास के लोगों में गांव वालों की सूचना पर गौ रक्षा दल व हिंदू वाही संगठनों के कार्यकर्ताओ ने मौके पर पहुंचकर देखा तो ट्रक में करीब एक दर्जन से अधिक गायों व बछड़ों को राशियों से ठूंस-ठूंस कर मुंह में बांधकर भर रखा था जिनको गो तस्करी के लिए बाहर ले जाया जा रहा था जिनको रक्षा दल के कार्यकर्ताओं के वहां आने पर उक्त ट्रक चालक व अन्य 8-10 लोग वहां से भाग गए। उक्त गायों को राजवीर गढ़वाल निवासी विजयपुरा इकट्ठी करके गो तस्कर के सहयोग से गोवंश की तस्करी कर रहा था। उक्त व्यक्तियों ने मौके पर प्रशासन को सूचना दी जिस पर पुलिस प्रशासन आकर उक्त गोवंश को कृष्ण गौशाला समिति श्रीमाधोपुर में ले गए। उक्त गोवंश में एक गाय मरी हुई थी उक्त गोवंश की ठूँस-ठूँस कर भरने से दम घुटने से एक गाय की मृत्यु हो गई थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए जाजोद थाना पुलिस ने टीम गठित कर 13 माह से फरार चले वांछित आरोपी गुलदीन पुत्र सिरदार जाति मेव मुस्लमान उम्र 66 साल निवासी खेड़ला थाना कोतवाली को गिरफ्तार करने के लिए शाहपुरा, भिवाड़ी, फिरोजपुर, झिरका, नूंह हरियाणा में आरोपी की तलाश गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। घटना में प्रयुक्त वाहन पूर्व में जप्त किया जा चुका है। गठित टीम के दौरान एएसआई भागीरथ मल, नरेश कुमार, महेश कुमार की अहम भूमिका रही।

## सोनी को डॉक्टरेट की उपाधि



जयपुर टाइम्स

**चूरू/सरदारशहर।** बृजमोहन सोनी के पुत्र दिनेश कुमार सोनी को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की ओर से रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य राजकीय लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय चूरू के रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी हेमकार के निर्देशन में पूर्ण किया। डॉ. सोनी के शोध का विषय चूरू जिले के सरदारशहर तहसील में भूजल प्रदूषण व सार्वजनिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव का अध्ययन रहा, जो क्षेत्रीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जनहित से जुड़ा हुआ है। गौरतलब है कि डॉ. दिनेश कुमार सोनी वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुरा पुरोहितान में उप-प्राचार्य पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

## श्री राम कथा सुनने उमड़ा जनसैलाब

### कथा में भगवान राम के गुणगान का सुनाया प्रसंग



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के माहेश्वरी भवन में रामकथा के तीसरे दिन कथा स्थल भक्ति, करुणा और आनंद से सराबोर रहा। व्यासपीठ से भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का मधुर वर्णन किया गया। जिसे सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। बाल रूप में श्रीराम की सरलता, सौम्यता और दिव्यता ने सभी के हृदय को छू लिया। कथा में शिवजी के बाल राम दर्शन का अत्यंत भावपूर्ण प्रसंग आया। यह बताया गया कि स्वयं महादेव भी बालक राम के दर्शन कर आनंदित हो उठे। जिससे भगवान राम की महिमा और भक्तवत्सलता प्रकट होती है। अहिल्या उद्धार प्रसंग में भगवान राम की करुणा और उद्धार शक्ति का सुंदर वर्णन किया गया। चरण स्पर्श मात्र से अहिल्या का उद्धार होना यह संदेश देता है कि प्रभु की शरण में जाने से पतित से पतित का भी कल्याण हो जाता है। इसके पश्चात धनुष भंग की कथा में श्रीराम के पराक्रम और मर्यादा का वर्णन हुआ। अंत में सीताराम विवाह का मंगल प्रसंग आया जहां सम्पूर्ण वातावरण उल्लास और मंगल भाव से भर गया। सीता-राम के दिव्य विवाह ने यह संदेश दिया कि धर्म, प्रेम और मर्यादा से ही जीवन का कल्याण संभव है। तीसरे दिन की रामकथा ने श्रोताओं के हृदय में भक्ति, श्रद्धा और आनंद का संचार किया। कथा में शिवशंकर जैसनसरिया, श्रीचंद लखोटिया, ललित लखोटिया, माणकचंद भाटी, राजकुमार शर्मा, महेश डागा, श्याम सुंदर मित्तल, सुरेश मिमानी, छगन लाल तोषनीवाल, धीरज सोमानी, प्रदीप पारुल आत्रेय, गोविंद झंवर, हरीश जैसनसरिया, सुमित सोमानी, विकास लखोटिया, सुंदरलाल कर्वा, जानकी प्रसाद दायमा आदि सैंकड़ों श्रोता उपस्थित रहे।

# ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था के जनक थे चौधरी चरण सिंहः सैनी

### आदर्श छात्रावास में मनाई चौधरी चरण सिंह की जयंती

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** रतनगढ़ रोड़ स्थित आदर्श छात्रावास में राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर मंगलवार को सर्व समाज की ओर से चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता आसाराम सैनी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जाति व्यवस्था के खिलाफ थे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के जनक थे। उनकी ओर से लिखित पुस्तक आज लंदन और अमेरिका के विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाती है। चौधरी चरण सिंह ने कृषि के क्षेत्र में अनेक कार्य कर किसान कल्याण का मार्ग प्रस्तुत किया। किसानों की ऋण माफी करवाई तथा कृषि यंत्रों पर टैक्स हटवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधान अमीलाल कस्वां ने बताया कि चौधरी चरण सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भारत के वित्त मंत्री गृहमंत्री और प्रधानमंत्री रहते हुए किसानों के हक में अनेक कानून और लोक कल्याणकारी कार्य किये हैं। आदर्श छात्रावास समिति अध्यक्ष मोहनलाल आर्य ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसान गरीब दलित पिछड़ों व मजदूरों के हक में अनेक कानून बनाकर उन्हें जीवन की मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने बताया कि चौधरी चरण सिंह अर्थशास्त्री होने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के जनक थे। उन्होंने कुटीर उद्योगों की स्थापना करवाई। नाबार्ड वित्तीय बैंक भूमि विकास बैंक की स्थापना की तथा कृषि यंत्रों पर टैक्स हटाकर किसानों को राहत प्रदान की। किसानों के कर्ज माफी में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। चौधरी चरण सिंह ने अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक आयोग का गठन कर आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा हिंदी माध्यम से करवाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। विशिष्ट अतिथि चंद्रमोहन सैनी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के सिद्धांतों व आदर्शों का जीवन में उतारना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को पूर्व एमडी अमर सिंह दनेवा, गिरधारी लाल तंवर, किसान सभा अध्यक्ष इंद्राज सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य गिरधारी लाल सिहाग, डॉ. जमील चौहान, रामचंद्र राजोतिया, दीपाराम प्रजापत, रामरतन मेघवाल, शमशेर खान, मनीष कुमावत, गोविंद मेघवाल, विनोद नाई, श्रवण बसेर, नरपत रोलन व अनिल चौधरी ने भी अपने विचार किए। इस अवसर पर चानणमल सैनी, सांवरमल सैनी, सुशील स्वामी, सत्यनारायण सैनी, रामनिवास भांभू, रामलाल सहारण, जयचंद मेघवाल, दुर्गाराम पटीर, कन्हैयालाल चंदेल, मनफ़ूल मेघवाल, सांवरमल मेघवाल, शेरखान, कुरड़ाराम भाकर, पूर्व सरपंच रामनिवास सहारण, पूर्व सरपंच श्रीचंद कस्वां, पूर्व सरपंच पालराम मेघवाल, राजेंद्र कुमार मील, मदनलाल थाकण, सुभाष डीलर सहित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने किया।

# जरूरतमंदों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहींः राठौड़

### भाईचारा ग्रुप ने फिर दिया मानवता का परिचय

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** गांधी कॉलोनी स्थित देवनारायण मंदिर में मंगलवार को भाईचारा ग्रुप की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण रहे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, वासुदेव चावला व उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुधमल गुर्जर ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि इस संस्थान ने गरीब को गणेश मानकर सेवा कर नेक कार्य किया है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि संस्थान ने इस कड़कड़ाती सर्दी में कम्बल वितरण कर जरूरतमंदों की सेवा कर सराहनीय कार्य किया है। भाईचारा ग्रुप के भंवर गुर्जर ने बताया कि पिछले 30 वर्षों से लगातार चूरू में हाड़ कम्पा देने वाली सर्दी को देखते हुए यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इस अवसर पर गोपीराम शर्मा, निवर्तमान पार्षद लीलाधर शर्मा, भागीरथ सैनी, पवन गुर्जर, विष्णु शर्मा, शिवकुमार शर्मा, गोपाल बालाण, जीवनमल सैनी, जगदीश गुर्जर, मानकचंद गुर्जर, कमल सैनी, ओमप्रकाश सांसी, संपतमल दईया, ताराचंद सहारण, देवेंद्र नून, विनोद राव, महेंद्र बावलिया, हरीश वर्मा, मांगीलाल प्रजापत, हंसराज सैनी, ओमप्रकाश सैनी, विजय पापटान, ताराचंद सैनी, सुभाष दायमा, राजेंद्र कल्ला, कुंदनमल सैनी, विजय भार्गव, तेजपाल शर्मा, सुरेन्द्र जोशी, सांवरमल नून, राजकुमार शर्मा, राहुल गुर्जर, ओम प्रकाश स्वामी, राजकुमार पंवार, मुकेश नायक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# नगरपरिषद की खसरा नंबर 10 की भूमि से बड़ी संख्या में हो रहा मिट्टी का अवैध खनन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के नई बकरा मंडी के पास स्थित नगरपरिषद की खसरा नंबर 10 की भूमि से बड़ी संख्या में मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। कुछ लोग नगरपरिषद की भूमि से दिन रात मिट्टी का अवैध खनन करवा रहे हैं। जिसकी किसी को कानो कान खबर नहीं है। जानकारों की माने तो अब तक करोड़ों रुपए की मिट्टी का अवैध खनन हो चुका है और इस अवैध खनन करवाने के पीछे कुछ ऐसे लोगों का हाथ है जो यहां पर अवैध खनन करवाने के साथ कहते हैं कि हमारी सभी जगह जानकारी है कोई कार्रवाई नहीं होने देंगे और इसी नाम पर हर महीने लाखों रुपए बटोर रहे हैं। प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में ट्रैक्टर ट्रालियों के माध्यम से मिट्टी का खनन कर शहर भर में निर्माण कार्यों के दौरान सप्लाई की जा रही है। बड़ा सवाल यह भी है कि सरेआम दिनदहाड़े नगरपरिषद की भूमि से हो रहे मिट्टी के अवैध खनन को लेकर आखिरकार नगर परिषद चुप क्यों है। क्या नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी भी इस मिट्टी के अवैध खनन करवाने में मिले हुए हैं। मामले को लेकर जब हमने नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी से वार्ता की तो उन्होंने बताया कि आपके माध्यम से इस मामले की जानकारी लगी है। तुरंत अधिकारियों को मौके पर भेज मिट्टी के अवैध खनन को रुकवाया जाएगा और मिट्टी का अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। लेकिन अब देखने वाली बात यह होगी कि नगरपरिषद की इस भूमि से मिट्टी का अवैध खनन कब तक रुकता है और यहां पर अवैध खनन करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

### किसानों के मसीहा चौधरी चरणसिंह के विचार आज भी प्रासंगिक

**रतनगढ़(निस)।** ग्रामीण किसान छात्रावास में देश के पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी चरणसिंह की जयंती मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता सुल्तान सिंह भींचर ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने चौधरी चरणसिंह के जीवन संघर्ष, किसान हितैषी नीतियों और सिद्धांतवादी राजनीति पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुकन्दाराम नेहरा ने कहा कि चौधरी चरणसिंह ने भारतीय राजनीति को गांव, किसान और खेत तक पहुंचाया।

## सरदारशहर क्षेत्र में सर्दी के पहले कोहरे ने दी दस्तक

**सरदारशहर(निस)।** क्षेत्र में सर्दी के साथ पहली बार कोहरे ने दस्तक दे दी है। मंगलवार अल सुबह छाया घना कोहरा मंगलवार सुबह 12 बजे बाद भी छाया हुआ है। कोहरे के चलते आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है और आमजन गर्म कपड़ों से लिपटकर घरों से बाहर निकल रहे हैं। वहीं शहर में जगह-जगह अलाव जलाकर सर्दी से बचने का प्रयास लोग कर रहे हैं। कोहरे के चलते वाहन चालको को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालक अपने वाहनों की लाइट जलाकर चलने पर मजबूर है।


राजस्थान सरकार
कार्यालय नगरपरिषद सरदारशहर, चूरू (राज.)

क्रमांक :– न.प.स / स्टोर शाखा / 2025–26 / 3030–33 दिनांक :– 17.12.2025

निविदा / नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण / इच्छुक फर्म / बोलीदाताओ / संवेदको को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद सरदारशहर द्वारा वर्ष 2025–26 में नगरपरिषद क्षेत्र में स्थित कृष्णा बस स्टेण्ड में प्रवेश / निकासी करने वाले वाहनों से प्रवेश / निकासी / पार्किंग शुल्क वसूली हेतु ठेका / निलामी दिनांक 24.12.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक नगरपरिषद मिटिंग हॉल में की जावेगी। इच्छुक व्यक्ति / फर्म निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते है। बोली में भाग लेने से पूर्व निर्धारित अमानत / धरोहर राशि नगरपरिषद कार्यालय में जमा करवानी होगी। निलामी से संबंधित शर्ते निलामी से पूर्व किसी भी कार्यादिवस में नगरपरिषद सरदारशहर कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

| क्र. स. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | न्यूनतम बोली | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगरपरिषद क्षेत्र में स्थित कृष्णा बस स्टेण्ड में प्रवेश / निकासी करने वाले वाहनों से प्रवेश / निकासी / पार्किंग शुल्क वसूली हेतु ठेका | 50,000 | 300000 | 03 वर्ष |

नोट :– निलामी ठेका स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार नगरपरिषद के पास सुरक्षित रहेगा। निलामी की अन्य शर्ते कार्यालय समय में कार्यालय नगरपरिषद में देखी जा सकती है।

राज.संवाद / सी / 25 / 16254
सभापति
आयुक्त


## 100 दिवसीय 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन एवं बाल अधिकारों के संरक्षण के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से संचालित 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के मंगलवार को पोस्टर विमोचन व हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार उपाध्याय व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गहेन्द्र सिंह सोलंकी की ओर से हस्ताक्षर कर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। साथ ही 'बाल विवाह करना एवं करवाना कानूनन अपराध है' विषयक पोस्टर का विमोचन भी किया गया। जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। इसके कारण बच्चों, विशेषकर बालिकाओं, की शिक्षा बाधित होती है तथा उनके स्वास्थ्य, मानसिक एवं सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह कानूनन अपराध है, लेकिन इसके उन्मूलन के लिए सामाजिक सहभागिता और जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।


कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-तारानगर (राजस्थान) 331304

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक 1987-1999 दिनांक 18/12/2025

NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS

Online tenders are hereby invited on behalf of the HonÓble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT e&hibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in, and http// eproc. rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 29-12-2025 (02:00 PM)

| Sr. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 79/2025-26 | PHE2526GSOB09948 |
| 2 | 80/2025-26 | PHE2526GSOB09949 |
| 3 | 81/2025-26 | PHE2526WSOB09950 |
| 4 | 82/2025-26 | PHE2526WSOB09951 |
| 5 | 83/2025-26 | PHE2526WSOB09952 |

SAVE WATER - SAVE LIFE

Executive Engineer,
PHED Division Taranagar
Contact- 98871-81073

DIPR/C/18928/2025



कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-तारानगर (राजस्थान) 331304

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक 2010-2027 दिनांक 20/12/2025

NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS

Online tenders are hereby invited on behalf of the HonÓble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT e&hibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in, and http// eproc. rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 05-01-2026 (06:00 PM)

| Sr. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 84/2025-26 | PHE2526WSRC10001 |
| 2 | 85/2025-26 | PHE2526WSRC10002 |
| 3 | 86/2025-26 | PHE2526WSRC10003 |
| 4 | 87/2025-26 | PHE2526WSRC10004 |
| 5 | 88/2025-26 | PHE2526WSRC10006 |

SAVE WATER - SAVE LIFE

Executive Engineer,
PHED Division Taranagar
Contact- 98871-81073

DIPR/C/18996/2025



प्ररूप - 10
(नियम 6 (7) देखिए)

कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान

क्रमांक / 2025-26 /7030 दिनांक 19/12/25

लोक सूचना

श्री कमल कुमार मितल पुत्र विजय कुमार मितल निवासी तारानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| चूरू तहसील तारानगर | तारानगर | 2544/2438 | 10116 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 - के और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 19.12.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर



Office of the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Ratangarh

No.:-EE/NIT/2025-26/ 2242 Date: 18/12/205

Notice Inviting Bid

Bid of SUPPLY OF CID JOINTS FOR PVC PIPES AND HDPE PIPES UNDER PHED DIVISION RATANGARH are invited from interested bidders up to 25.12.2025, for other particulars/details of the bids may visit on the procurement portal(http:// eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and P.H.E.D. department website:
UBN NIT No.: 29 PHE 2526GSOB09980
UBN NIT No.: 30 PHE 2526WSOB09981

(Mahendra Kantiwal)
Executive Engineer
PHED Division Ratangarh

DIPR/C/18972/2025



कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone: -01562-250333

क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/3497 दिनांक- 17.12.25

-: ई- निविदा आमंत्रण सूचना :-

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय/वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सालय की पुरानी बिल्डिग, एमसीएच विंग, नैत्र चिकित्सालय सफाई कार्य हेतु | 82.00 लाख | 2612-25 | MHS 2526 SLOB 05538 |

DIPR/C/18844/2025

सदस्य सचिव (RMRS)
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

## एनएसएस शिविर: नरोदड़ा में चला स्वच्छता अभियान



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के द्वितीय दिवस की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम अधिकारी श्रवण कुमार खीचड़ व डॉ. सुधा पोद्दार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने ग्राम नरोदड़ा में स्वच्छता व सामुदायिक सेवा अभियान संचालित किया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों की ओर से ग्राम नरोदड़ा में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के प्रति प्रेरित किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने गांव के मुख्य चौक, बैंक परिसर के बाहर तथा रघुनाथ मंदिर परिसर में साफ-सफाई का कार्य किया।स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ श्रमदान करते हुए स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण का संदेश दिया। ग्रामीणों ने भी अभियान की सराहना करते हुए सहयोग किया।

## अग्रवाल महिला सम्मेलन ने किए स्वेटर वितरित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री अग्रवाल महिला सम्मेलन की ओर से राजकीय गणेशीराम झंवर बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल में बच्चों को स्वेटर, ड्रेस और जरूरत का सामान वितरित किया गया। महिला सम्मेलन की अध्यक्ष बबीता मंगलूनिया ने बताया कि मीरा गुप्ता के सहयोग से 125 बच्चों को स्वेटर और ड्रेस वितरित की गई। महामंत्री सुमन मिरनका ने सभी सदस्यों के साथ मिलकर अनेक ज्ञानवर्धक गतिविधियों की ओर से बच्चों का मनोरंजन किया। प्रधानाचार्य कुसुम शर्मा ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की गतिविधियां बहुत आवश्यक हैं। इस अवसर पर अनु तोदी, राखी तोदी, किरण कंदोई, प्रियंका गोयनका, राधिका खेतान, वीणा खेतान, नीलिमा मंगलुनिया, स्नेहलता क्याल, हेमलता धनावत, मानसून पंसारी, दीपिका मोर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के स्वनंदा म्हैण, बोदूराम शर्मा, अंकिता शर्मा, कुसुम शर्मा, अंजू, कंचन, आरती, राजकंवर आदि ने सहयोग दिया।

## निःशुल्क बीएमडी व विटामिन डी-3 जांच शिविर में 71 मरीजों की जांच



जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना(निस)।** जांगिड़ हॉस्पिटल व ट्रॉमा सेंटर, नीमकाथाना में मंगलवार को निःशुल्क बी.एम.डी. (बोन मिनरल डेंसिटी) व विटामिन डी-3 जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूर-दराज क्षेत्रों से आए कुल 71 मरीजों की अस्थि घनत्व की निःशुल्क जांच की गई। शिविर के दौरान जिन मरीजों की बोन मिनरल डेंसिटी कम पाई गई, उन्हें वरिष्ठ हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश जांगिड़ और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मौसमी जांगिड़ की ओर से कैल्सियम व विटामिन डी-3 की दवाइयां लिखी गईं। मरीजों को संतुलित आहार, दूध, फल, सब्जियां, मेवे एवं नियमित धूप सेवन की सलाह दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि धूप से शरीर में विटामिन डी-3 का प्राकृतिक निर्माण होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। मरीजों को योग व नियमित व्यायाम अपनाने की सलाह दी गई ताकि भविष्य में कमर दर्द, जोड़ दर्द व अस्थि भंग जैसी समस्याओं से बचाव किया जा सके। शिविर के सफल आयोजन में रमेश, दीपेंद्र, तेजवीर, रणवीर, रोहन, समर्थ, विकास, रविन्द्र, अनिल, रामस्वरूप, महेश सहित अन्य सहयोगियों का योगदान रहा। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि यह निःशुल्क जांच शिविर प्रत्येक माह की 23 तारीख को नियमित रूप से आयोजित किया जाता है।

## जिला स्तरीय शिक्षक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को प्रधानाचार्य नरेन्द्रसिंह राठौड़ और शारीरिक शिक्षक अशोक कसेरा ने किया। प्रतियोगिता संयोजक प्रतिनिधि संजू ने बताया कि चूरू जिले की सभी तहसीलों के शिक्षक विभिन्न प्रतियोगिताओं एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बालीबाल, शतरंज, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सहित अनेक प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इन खेलों की प्रतियोगिताओं में ब्लॉक स्तर पर विजेता शिक्षक खिलाड़ी भाग लेंगे। शारीरिक शिक्षक संजू ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पीमश्री राउमावि रींगस सीकर में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए ललित वर्मा, माणक शर्मा, मुन्नीनाथ सिद्ध, रामसिंह सिहाग, मसउदुल हक, रामलाल जाखड़, प्रभु सैनी, अशोक गौड़, पवन बर्थपाल, रमेशकुमार सैनी, मामराज चाहर, पवन महर्षि जुटे हुए हैं।

# 4.50 करोड की लागत से राज. बालिका उमावि के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के पुलासर ग्राम पंचायत में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण पूर्व विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता राजेन्द्रसिंह राठौड़ ने फीता काटकर व शिलापट्ट का अनावरण किया। इस अवसर पर भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, चूरू विधायक हरलाल सारण, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि सौ वर्ष पुरानी इस स्कूल का भव्य निर्माण हुआ है। इस संबंध में पुलासर वासियों की लम्बे समय से मांग थी कि आजादी से पहले का स्थापित यह



विद्यालय एक धर्मशाला में चलाई जा रही है। जिसके लिए जमीन भी ग्राम पंचायत की ओर से उपलब्ध करवा दी गयी है। जिस पर यह भवन बन कर तैयार हुआ है। गांव की अन्य मांग है कि यहा के सबसे पुराने पीएचसी को सीएचसी बनाया जाए। जिसे मुख्यमंत्री से मिलकर आगामी बजट में बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान महिला शिक्षा के क्षेत्र में सबसे आगे चल रहा है। बेटियों को अच्छा मंच मिले जिससे वे आगे बढ सकें। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य मीरां कुरिल ने अतिथियों का स्वागत भाषण देते हुए बताया कि यह विद्यालय 1921 में शुरु हुआ था जो सौ वर्षों से गांव की एक धर्मशाला में संचालित था। आज यह भवन राज्य सरकार ने 4.49 करोड की लागत से दो मंजिला शानदार बनाया है। इसमें 31 कमरे बनाये गये हैं। अब इसमें कॉमर्स विषय की कमी है। जिसकी आपुर्ति होने से आसपास की बालिकाओं को शहर या अन्य कहीं नही जाना पडेगा। सरपंच गरिमा देवी ने बताया कि गांव के भामाशाहों तथा स्कूल स्टॉफ ने भी स्कूल में सहयोग किया। जिनमें प्राचार्य मीरां कुरील ने कार्यालय के फर्नीचर के लिए 35000, सुरेश पांडिया ने 15000 रु कारपेट व सीपीयू, राजेन्द्र प्रसाद ने 10000 के प्राचार्य कुर्सी व टेबल, पवन बोहरा ने 7 पानी के केम्पर, एडवोकेट भगवती सांडेला ने 11000 की 2 स्टील की बेंच, बजरंग पांडिया ने 3 ग्रीन बोर्ड, रुक्मानंद बोहरा ने पांच छत पंखे, भंवरलाल बोहरा ने एक, दुलीचंद बोहरा ने एक, भंवरलाल पांडिया ने एक वाटर कूलर, बजरंगलाल नाथ ने एक इन्वर्टर बैटरी, गोविंद प्रसाद पांडिया ने एक गोदरेज अलमारी, मदन सोनी ने 5100 रु नगद हिमांशु बोहरा ने 5100 रुपए, विद्या पारीक ने 5000 रुपए, संतोष मेघवाल ने 5500 रु की बेंच, अनिता राठौड़ ने 5500 रु की बेंच स्कूल को भेंट की। समारोह को अन्य सभी नेताओं ने भी संबोधित किया। समारोह में विद्यालय की छात्राओं ने राजस्थानी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मनमोह लिया। समारोह में गोवर्धन पांडिया, राजेन्द्र सिंह छाजूसर, डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड, इशरराम डूडी, धर्मेन्द्र कुरील, भाजपा नेता रामावतार जांगिड़ सहित गांव के अनेक लोग उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने सभी नेताओं का साफा, माला व प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

## सांसद खेल महोत्सव में विधानसभा स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता

### कातर बनी विजेता, सुजानगढ़ रही उपविजेता



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार शाम को नोखा-सीकर मार्ग स्थित जीपीटी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में विधानसभा स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रधान संतोष मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी एवं सुजानगढ़ मंडल अध्यक्ष अभिषेक माटोलिया ने टॉस करवाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में कुल पाँच टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला कातर और सुजानगढ़ टीम के बीच खेला गया, जिसमें कातर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि सुजानगढ़ टीम उपविजेता रही। मैच के रेफरी की भूमिका जीपीटी कोच राहुल सहलोत ने निभाई। प्रधान सन्तोष मेघवाल और अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन बीदासर भाजपा की ओर से किया गया। संचालन महामंत्री गोपालाराम छापोला ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता अरुण तिवाड़ी, मनीष दाधीच, सुजानगढ़ महामंत्री गौरव इंदौरिया, पार्षद सांवरमल सैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनिवास माली, सांडवा मंडल अध्यक्ष सहीनाथ सिद्ध, कातर मंडल श्रीनिवास लिम्बा, कमल माली, श्रीकृष्ण तेजस्वी, सुरेंद्र सुथार, जीपीटी व्यवस्थापक संदीप स्वामी, चिराग सियोता सहित अनेक कार्यकर्ता व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## लक्ष्मणगढ़ में तेजा सेना की कार्यकारिणी भंग



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थित मणी महल में तेजा सेना की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रोटोकॉल तोड़ने पर तेजा सेना की संपूर्ण कार्यकारणी भंग की गई और समाजहित से जुड़े कई गंभीर व ज्वलंत विषयों पर विस्तार से चर्चा कर अहम निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकार से शीघ्र भूमि आवंटन करवाकर जाट भवन का निर्माण किया जाएगा। इसी भवन में आगामी समय में तेजा सेना का सामाज हित के कार्य प्रतिभा सम्मान व सहायता समारोह आयोजित करने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। साथ ही प्रदेश अधिवेशन जल्द निर्धारित करने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कार्यकारिणी के विस्तार का निर्णय भी लिया गया।समाज सुधार की दिशा में बैठक में इस चिंता पर गंभीर मंथन किया गया कि समाज में लड़कियों के भागकर विवाह करने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इस पर अभिभावकों की सहमति को महत्व देते हुए उचित कानूनी प्रावधान के लिए प्रयास करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, नशा मुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी रूप से चलाने पर सर्वसम्मति बनी। नशे से जुड़े अपराधियों को सामाजिक रूप से हतोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें विवाह व अन्य सामाजिक आयोजनों में आमंत्रित न करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

## *तोदी महाविद्यालय में अंतर सदन खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह*

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय में आयोजित अंतर सदन खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत दूसरे दिन एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने बताया कि विभिन्न स्पर्धाओं में कड़े मुकाबले देखने को मिले।छात्र वर्ग 100 मीटर दौड़ में बीए प्रथम वर्ष के अनिल कुमार ने प्रथम, शाहिद ने द्वितीय तथा गौरव शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में बीए प्रथम के मोहम्मद अली प्रथम, सचिन डोटासरा द्वितीय और द्वितीय वर्ष के अनिल कुमार तृतीय रहे। 400 मीटर दौड़ में सचिन डोटासरा प्रथम, मोहम्मद जासीम द्वितीय और अनिल कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 1600 मीटर दौड़ में मोहम्मद जासीम ने प्रथम, सचिन डोटासरा ने द्वितीय और अनिल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में गोला फेंक में बीए तृतीय के पंकज सिंह प्रथम, अंकित द्वितीय व नितेश मीणा तृतीय रहे। तश्तरी फेंक में अदनान प्रथम, अंकित द्वितीय और पीयूष जांगिड़ तृतीय स्थान पर रहे। भाला फेंक में अंकित प्रथम, रवि शर्मा द्वितीय व पीयूष जांगिड़ तृतीय रहे।बैडमिंटन छात्र



वर्ग में देवेंद्र कुदाल प्रथम व गौरव मिश्रा द्वितीय रहे। छात्रा वर्ग बैडमिंटन में अक्षिता सैनी प्रथम तथा खुशी शर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं। टीम स्पर्धाओं में छात्रा वर्ग वॉलीबॉल में सरोजिनी नायडू सदन विजेता रहा, जबकि लक्ष्मीबाई सदन उपविजेता रहा। छात्र वर्ग वॉलीबॉल में नेहरू सदन विजेता तथा गांधी सदन उपविजेता रहा। छात्रा वर्ग कबड्डी में कल्पना चावला सदन विजेता रहा।प्रतियोगिताओं के दौरान सचिव आशकरण शर्मा, प्रशासक प्रमेंद्र सिंह शेखावत, शारीरिक शिक्षक लिछमण सिंह सहित स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शेष प्रतियोगिताएं व पुरस्कार वितरण समारोह बुधवार को आयोजित किया जाएगा।

## श्रीराम केवल एक चरित्र नहीं, बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति हैः आचार्य कौशिक



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के कन्दोई बगीची में आयोजित श्रीराम कथा के कथा स्थल पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। कथा वाचक ने श्रीराम जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों, सत्य, धर्म और कर्तव्य पालन पर विस्तार से प्रकाश डाला। जैसे ही राम जन्म का प्रसंग आया पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति भाव में झूम उठे। कथावाचक आचार्य पं. बालकृष्ण कौशिक ने कहा कि श्रीराम केवल एक चरित्र नहीं, बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति हैं। उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा दिखाते हैं। माता कौशल्या के आनंद, अयोध्या में उल्लास और देवताओं के जयघोष का संजीव चित्रण सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। कथा में भजनों और संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। आयोजन समिति की ओर से व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं और आखिर में आरती व प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आगामी कथा प्रसंगों का श्रवण करने का आह्वान किया। कथा में नरेश कंदोई, नीरज कंदोई, हनुमानमल कंदोई, गौरीशंकर कंदोई, शिवरतन कदोंई, बनवारीलाल जांगीड़, मनोज भालेरी वाला, बाबू शिवरतन कंदोई, पवन पोद्दार, संजय कंदोई, विनोद उड़सरिया, राकेश पंसारी, महेश पंसारी, भरत गौड़, संदीप कंदोई, गोरी शंकर कंदोई, ललित जैसनसरिया, अजीत कंदोई, रौनक कंदोई, सोहनलाल पारीक, संतोष सर्राफ, मुखराम नाथोलिया, रतनलाल भोजक, दयानंद कंदोई, तेजकरण चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 47 लोगों के नैत्र लैंस का प्रत्यारोपण

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से दडीबा निवासी हुलासचंद मोहिनी देवी राठी व जसवंतगढ़ निवासी रामप्रसाद उषा देवी मालपानी की स्मृति में उनके परिजनों की ओर से आयोजित निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि उक्त शिविर में 47 (सैंतालीस) नेत्र रोगियों के निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल में किए



गए। ऑपरेशन हुए रोगियों को निःशुल्क दवा दी गई। शिविर के समापन अवसर पर डॉ अपूर्व कोटिया, क्लब प्रतिनिधि महावीर मिरनका, ललित सोनी, गिरधर शर्मा, योगेंद्र भोजक, पूसाराम, दानमल मालू आदि मौजूद रहे।

## किसान अरुण कुमार शर्मा को प्राकृतिक खेती किसान सम्मान

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर जिला सीकर के जिला परिषद सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मणगढ़ उपखंड के सिंगोदड़ा गांव के निवासी किसान अरुण कुमार शर्मा को जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती किसान सम्मान से नवाजा गया। बजाज फाउंडेशन की प्रेरणा से प्राकृतिक खेती को सफलतापूर्वक अपनाने वाले अरुण कुमार शर्मा को राजस्थान सरकार के कृषि व सम्बद्ध क्षेत्र विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान मोमेंटो प्रदान किया गया। प्रमाण-पत्र में उनकी ओर से



प्राकृतिक खेती के माध्यम से रसायन-मुक्त उत्पादन, मृदा संरक्षण तथा अन्य किसानों को इस पद्धति के लिए प्रेरित करने के प्रयासों की सराहना की गई।सम्मान समारोह में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, बजाज फाउंडेशन के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध

## बीदासर में विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार और हिंदू युवक दीपचंद की निर्मम हत्या के विरोध में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने 'हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो' जैसे नारे लगाए और प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार अमरसिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बांग्लादेश में बीते



दो-तीन वर्षों से हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय पर लगातार, संगठित और भीषण अत्याचार हो रहे हैं, जो मानवाधिकारों के मूल सिद्धांतों के विपरीत हैं। हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, हिंदू परिवारों के घर, दुकानें और संपत्तियां जलायी जा रही हैं। महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार, जबरन धर्मांतरण और पलायन के लिए मजबूर किए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। साथ ही प्रशासनिक स्तर पर भी पीड़ितों को सुरक्षा और न्याय नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचारों की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच कराने, पीड़ित परिवारों को न्याय, सुरक्षा और पुनर्वास देने, मंदिरों व धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था करने और मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रमुखता से उठाने की मांग की गई। इस अवसर पर विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रहलादसिंह राजपुरोहित, बजरंग दल संयोजक शुभम जैन, धनराज सैन, कमल दूगड़, संदीप सुथार, सुजल सैन, सोहन राम भाकर, पवन जांगिड़, विमल टेलर, भैरूसिंह, काशी राजपुरोहित, मनोज शर्मा, कैलाश राठौड़, हुक्मीचंद सिंघी, जितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।